“MAA” OMWATI COLLEGE OF EDUCATION HASSANPUR (PALWAL)

AFFILIATED CRS UNIVERSITY, JIND

B.ED – 2nd YEAR (2021-22)

NOTES PAPER- I

KNOWLEDGE AND CURRICULUM

MAA OMWATI EDUCATION TRUST

DELHI

E-mail: moce.principal@maaomwati.com

Unit-I

ज्ञान एवं शिक्षा

(Knowledge and Education)

ज्ञान
(Knowledge)

आजकल ज्ञान का महत्त्व बहुत ज्यादा है। जिसका ज्ञान (जानकारी) जितना ज्यादा और नवीनतम (upto date) है वह उतना ही ज्यादा दूसरों को प्रभावित करता है। वह जहाँ भी होता है, या जहाँ भी जाता है वहीं उसे पहचान मिलती है। शिक्षा व्यक्ति को पर्याप्त ज्ञान देती है, उसे नवीनतम करती है तथा ज्ञान की दृष्टि से गम्भीर बनाती है। इसलिए क्या हम मान लें कि शिक्षा का ज्ञान-लक्ष्य ही सर्वाधिक महत्त्वशाली है? इस प्रश्न का उत्तर हमें बड़ी सावधानी से खोजना होगा, क्योंकि जीवन में केवल ज्ञान ही तो अकेले महत्त्वपर्ण नहीं है। ज्ञान के अतिरिक्त भी तो व्यक्तित्व के अनेक आयाम हैं जो किसी भी दृष्टि से दूसरों से कम नहीं हैं, हाँ, यह सही है कि जीवन के सामाजिक, सांस्कृतिक, नैतिक पक्षों का ज्ञान भी तभी हो सकता है जब व्यक्ति ने वह ज्ञान अर्जित किया हो। इस रूप में, शिक्षा के ज्ञान-लक्ष्य को हम एक 'आधार लक्ष्य' मान सकते हैं। **सुकरात** ने कहा, *"जो सच्चा ज्ञान प्राप्त कर लेता है वह सर्वगुणसम्पन्न हो जाता है।"*

"One who had true knowledge should not be other than virtuious."

ज्ञान का अर्थ एवं परिभाषाएँ
(Meaning and Definitions of Knowledge)

ज्ञान वास्तविकता के प्रति जागरूकता एवं विशेष पहलुओं के प्रति समझ है। यह वास्तविकता के लिए तर्क की प्रक्रिया द्वारा ज्ञात की गयी शुद्ध जानकारी है। ज्ञान की परम्परागत अवधारणा यह है कि ज्ञान के लिए निम्न तीन बातों का होना आवश्यक है—

(1) सत्य (Truth)—सत्य ज्ञान की नींव है। कोई भी (Truth) असत्य चीज ज्ञात करना ज्ञान की श्रेणी में नहीं आता। इसका सत्य होना अति आवश्यक है।

महान दार्शनिक **अरस्तू** का कथन है, *"किसी ऐसी वस्तु के विषय में कहना जो असत्य है, या उसके विषय में वह कहना जो वह वास्तव में नहीं है—असत्य है। किसी भी वस्तु के विषय में यह कहना जैसी वह है या किसी वस्तु के विषय में जो वास्तव में नहीं यह कहना कि वह नहीं है, सत्य है।"*

"To say of something which is that it is not, or to say of something which is not that it is, is false. However, to say something which is that it is, or of something which is not that it is not, is true."

(2) आस्था (विश्वास) (Belief)—ज्ञान का दूसरा महत्त्वपूर्ण बिन्दु विश्वास है क्योंकि व्यक्ति उस वस्तु या विषय के बारे में कुछ भी नहीं जान सकता है जिसमें उसकी आस्था न हो। किसी वस्तु के विषय मे यह कहना—"मैं अमुक वस्तु को जानता हूँ परन्तु मैं यह नहीं मानता कि वह सत्य है, असत्य होगा।"

Scanned with CamScanner

(3) **तर्कसंगतता** (Justification)—तर्कसंगतता किसी भी ज्ञान की तीसरा महत्त्वपूर्ण गुण है। कोई ज्ञान तब ही सत्य माना जाता है अथवा उसमें लोगों का विश्वास केवल तब ही बनता है जब वह बात तर्कसंगत हो।

Meacham (1990) defines knowledge as an "awareness of the fallibility of knowing and is a striving for a balance between knowing and doubting."

विभिन्न परिभाषाओं का अवलोकन करने पर एक बुद्धिमान व्यक्तित्व में निम्नलिखित सामान्य विशेषताएँ देखने को मिलती हैं—

(1) जीवन के बारे में गहन जानकारी तथा अनिश्चितताओं की स्वीकृति। *—Baltes and Staudinger*

(2) आत्म-श्रेष्ठता (Self-transcendence) *—Orwell, Kramer and Others*

(3) दूसरों के प्रति अपने संवेगों, संज्ञान एवं सहानुभूति में सन्तुलन। *—Bassett, Sternberg*

(4) सर्वमान्य हितों के लिये समर्पित प्रयास।

(5) नये अनुभवों का स्वतन्त्र व खुलनापन।

ज्ञान की विशेषताएँ
(Characteristics of Knowledge)

ज्ञान की प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं—

(1) ज्ञान धन की तरह है, जितना एक मनुष्य को प्राप्त होता है, वह उतना ही ज्यादा पाने की इच्छा करता है।

(2) ज्ञान सत्य तक पहुँचने का साधन है।

(3) धर्म की भाँति ज्ञान को भी जानने के लिए अनुभव करने चाहिए।

(4) ज्ञान प्रेम तथा मानव स्वतंत्रता के सिद्धान्तों का ही आधार है।

(5) एक बार प्राप्त किया गया ज्ञान अपनी ही सीमाओं से परे रोशनी प्रदान करता है।

(6) तथ्य और मूल्य ज्ञान के ढाँचे का आधार बनते हैं।

(7) ज्ञान कदम से कदम मिलाकर चलता है, उछलता नहीं है।

(8) ज्ञान कभी समाप्त नहीं होता।

(9) सूचना ज्ञान का स्रोत है।

(10) ज्ञान शक्ति है।

(11) ज्ञान दूसरों को प्रदान करने के लिए विद्यमान रहता है।

(12) ज्ञान समय का परिणाम है।

(13) ज्ञान की कोई सीमा नहीं है।

(14) ज्ञान तीन वस्तुओं की ओर संकेत करता है—सत्य, सिद्ध और ईश्वर।

(15) ज्ञान शिक्षा का बहुत उत्तम साधन है।

(16) यह व्यक्ति को जीवन में समायोजन करना सिखाता है।

(17) यह व्यक्ति और समाज की समृद्धि तथा विकास में सहायक होता है।

(18) यह नैतिकता को संतुष्ट करता है। इसका मूलमंत्र है 'स्वयं को जानो'।

(19) यह व्यक्ति को विचारशील बनाता है।

ज्ञान के प्रकार
(Type of Knowledge)

प्रमुख रूप से ज्ञान के निम्नलिखित तीन प्रकार होते हैं—

(1) आगमनात्मक ज्ञान (A Posteriori Knowledge)

(2) प्रयोगमूलक ज्ञान (Experimental Knowledge)

(3) प्रागानुभव ज्ञान (A Priori Knowledge)

(1) आगमनात्मक ज्ञान (A Posteriori Knowledge)—इस प्रकार का ज्ञान हमारे अनुभव तथा निरीक्षण पर आधारित है। जॉन लॉक (John locke) इस प्रकार के ज्ञान के प्रवर्तक थे। उनके मतानुसार बालक का मन जन्म के समय कोरी पट्टी (Tabula Rasa) के समान होता है। जैसे-जैसे उसे अनुभव मिलते जाते हैं, उस पट्टी पर लेखन होने लगता है। इससे तात्पर्य है कि ज्ञान अनुभवों द्वारा वृद्धि करता रहता है। सीखने के लिए समग्र अनुभव प्रदान करने चाहिए। इस प्रकार के ज्ञान में अलौकिक का कोई स्थान नहीं है।

(2) प्रयोगमूलक ज्ञान (Experimental Knowledge)—ज्ञान प्रयोग द्वारा प्राप्त होता है, ऐसी प्रयोजनवादियों (Pragmatists) की धारणा है। एक विचार को अभ्यास में परिवर्तित करने का प्रयास करना एवं उसे प्रयास के परिणाम से जो फल प्राप्त होते हैं उनसे सीखना चाहिए। इस धारणा के अनुसार ज्ञान कोई भी ऐसी वस्तु नहीं है जिसे हम समझें कि यह अनुभव या निरीक्षण से अन्तिम रूप से समझी जा सकती है, जबकि हम ऐसी विधियों का प्रयोग करते हैं जैसे आगमन। यह तो कुछ ऐसी वस्तु है जो अनुभव में सक्रिय होती है, एक साधन की भाँति जो अनुभव को सन्तोषपूर्ण ढंग से आगे की ओर ले जाती है।

(3) प्रागानुभव ज्ञान (A Priori Knowledge)—ज्ञान स्वयं प्रत्यक्ष की भाँति समझा जाता है—'Knowledge is self-evident'। सिद्धान्त जब समझ लिये जाते हैं, सत्य पहचान लिये जाते हैं, तब उन्हें निरीक्षण, अनुभव या प्रयोग द्वारा प्रमाणित करने की आवश्यकता नहीं होती। इस विचारधारा के प्रवर्तक दार्शनिक काण्ट (Kant) थे। उनके अनुसार, सामान्य सत्य अनुभव से स्वतन्त्र होने चाहिए, उन्हें स्वयं में स्पष्ट व निश्चित होना चाहिए। गणित का ज्ञान प्रागानुभव ज्ञान समझा जाता है।

ज्ञान के सिद्धान्त
(Theories of Knowledge)

ज्ञान के सिद्धान्त ज्ञान के प्रकारों पर आधारित हैं; जैसे—

(1) आधुनिक सिद्धान्त (Empirical Theory)—प्रायोगिक सिद्धान्त इन्द्रियांगों के द्वारा अनुभवों की सहायता से प्राप्त किए गए ज्ञान पर आधारित है। यह ज्ञान का ऐसा सिद्धान्त है जो ज्ञान को प्राप्त करने में इन्द्रियों के सहयोग पर बल देता है। सबसे अधिक प्रायोगिक व्यक्ति शायद दार्शनिक तथा अध्यापक है। हम गणित तथा भौतिक विज्ञान के सिद्धान्तों का सार्वभौमिक तथा विश्वस्त ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं और यह केवल तथ्य का ज्ञान और केवल तथ्यों के प्रारूप तथा क्रमबद्ध संगठन का ज्ञान है।

मध्ययुग में अंग्रेज दर्शनशास्त्री जॉन लॉक (John Locke) ने अनुभववाद को पुनः चेतना प्रदान करने के लिए इस तथ्य पर बल दिया कि जन्म के समय मनुष्य का मन एक सपाट स्लेट की भाँति होता है जिन पर अनुभवों की सहायता से कुछ भी लिखा जा सकता है और इसके पश्चात् एक अन्य अंग्रेज दार्शनिक ह्यूम ने भी यह कहकर उसका अनुगमन किया कि मानव का मस्तिष्क उसकी संवेदनाओं का जोड़ है। इस प्रक्रिया में मनुष्य की आनुवंशिकता, बौद्धिकता तथा सांस्कृतिक संरचना कोई योगदान नहीं करते।

(2) तर्कवाद का सिद्धान्त (Rationalism Theory)—तर्कवाद यह निश्चित करता है कि तर्क ही ज्ञान का एकमात्र स्रोत है। इन्द्रियों के द्वारा केवल कच्चा माल प्रदान किया जाता है जिसको आकार देने का कार्य तर्क के द्वारा किया जाता है। कच्चे माल का स्वयं में कोई ज्ञानात्मक मूल्य नहीं होता। वह तब तक मृतक रहेगा

Scanned with CamScanner

जब तक इसे तर्क के छूने से रोशन न किया जाए। मृतक सामग्री को दिए जाने वाले विभिन्न रंग तथा आ… तर्क पर निर्भर करते हैं। यूनानियों ने प्लेटो को तर्कवाद का पिता माना जाता है। वास्तविकता विचारों में… मस्तिष्क में है, शुद्ध प्रकार में है। इसके अतिरिक्त जो कुछ भी है वह केवल दिखाई देने में है। वास्तविक संस… तथ्य में है जिसे विचारों की सहायता से मस्तिष्क में बनाया जाता है; अतः तर्कवादी के लिए फूल भी उतना… सुन्दर है जैसा कि उसका विचार है। फूल में स्वयं में कोई जन्मजात सौन्दर्य नहीं होता।

(3) संवेद विवेकपूर्ण सिद्धान्त (Sense Rationalisation Theory)—अरस्तु ने पूर्ण अनुभववाद त… पूर्ण तर्कवाद को स्वीकार नहीं किया यद्यपि उसका यह मानना था कि चेतना तथा तर्क ज्ञान के निर्माण… आवश्यक रूप से सहयोगी है। चेतन सामग्री की क्षमता को तर्क के द्वारा वास्तविक बनाया जाता है और… प्रकार हमारे पास विचारों, तथ्यों, सिद्धान्तों तथा ज्ञान प्रणाली का विस्तृत स्वरूप होता है। **कान्ट** (Kant)… विचारों में, हम अनुभव के साथ ज्ञान के उद्देश्य के लिए कार्य आरम्भ कर सकते हैं, परन्तु अनुभव स्वतः… विचारों में, हम अनुभव के साथ ज्ञान के उद्देश्य के लिए कार्य आरम्भ कर सकते हैं, परन्तु अनुभव स्वयं में… ज्ञान प्रदान नहीं करते। इसमें ज्ञान के उद्देश्य के लिए कार्य आरम्भ कर सकते हैं, परन्तु अनुभव स्वयं में… ज्ञान प्रदान नहीं करते। इसमें ज्ञान को रूप देने के लिए तर्क की आवश्यकता होतीहै। यही विचार शैक्षिक प्रक्रिया… प्रदान नहीं करते। इसमें ज्ञान को रूप देने के लिए तर्क की आवश्यकता होतीहै। यही विचार शैक्षिक प्रक्र… मस्तिष्क तथा चेतना दोनों के प्रशिक्षण के कार्य करते हैं। शिक्षण कौ… में लागू होता है। आधुनिक विद्यालय मस्तिष्क तथा चेतना दोनों के प्रशिक्षण के कार्य करते हैं। शिक्षण कौ… मस्तिष्क तथा चेतना की सहायता से ज्ञान प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को अभिप्रेरित करता है ताकि वे स्व… जीवन व्यतीत कर सकें।

(4) योग का सिद्धान्त (Yogic Theory)—भारतीय विचारकों के प्रतिनिधि के रूप में पत… (Patanjali) का योग विश्व के दार्शनिक कार्यों में सबसे प्रमुख है। इसके अनुसार शरीर तथा मन ऐसे तत्वों… बने हैं। जो उत्तेजना के स्रोत बनते हैं। ये केवल आत्मा के लिए विद्यमान हैं जो कि अटल सत्य है और… प्रभाव उसी क्षण दिखाई देता है जब आत्मा स्वयं को अनुभव करती है तथा स्वतंत्र हो जाती है। मस्तिष्क… एक प्रमुख विशेषता है कि यह व्यग्र/चंचल है, इसके साथ-साथ इसमें अज्ञानता/अविद्या है जो सभी कार… तथा मानसिक विचलनों की जड़ है। योग का उद्देश्य इस मानसिक चंचलता को नियंत्रित करना है तथ… मस्तिष्क को एक बिन्दु पर केन्द्रित करना है और सभी बुराइयों की जड़ अज्ञानता को जड़ से खत्म करन… यह केवल वैराग्य की चेतना के विकास से सम्भव है और इसके लिए कुछ ऐसी शारीरिक तथा मान… क्रियाएं करवाई जाएं जिससे केन्द्रीयकरण की सहायता से मानसिक संचेतना को उच्च स्तर तक ले जाय… सकें। जब एक योगी इस उच्च स्तर को प्राप्त करता है तो वह व्यक्ति तथा वस्तु (मैं तथा तुम) दोनों के ब… सब कुछ भूल जाता है।

ज्ञान के स्रोत
(Sources of Knowledge)

ज्ञान के प्रमुख स्रोत निम्न प्रकार है—

(1) इन्द्रिय अनुभव (Sensory Experience)

(2) साक्ष्य (Testimony),

(3) तर्कबुद्धि (Reason),

(4) अन्तःप्रज्ञा (Intuition),

(5) सत्ता आधिकारिक ज्ञान (Authoritative Knowledge)

विश्वास
(Belief)

क्रेच और क्रेचफील्ड के अनुसार, *"विश्वास एक व्यक्ति के संसार के किसी भी पहलू के स… प्रत्यक्षीकरण और बुनाव का एक स्थायी संगठन है। क्रेच और क्रेचफील्ड ने आगे लिखा है कि विश्वास… वस्तु के अर्थों का नमूना है। यह एक वस्तु के बारे में एक व्यक्ति के ज्ञानात्मक विषयों की सम्पूर्णता…*

"A belief is an enduring organization of perceptions and cognitions about some aspect of an individual world... A belief is a pattern of meanings of a thing, it is the totality of the individual's cognition about the thing."

—*Crutch and Kretchfield*

विश्वास का महत्त्व
(Importance of Belief)

विश्वासों का महत्व निम्न प्रकार है—

(1) व्यक्ति को विभिन्न सामाजिक परिस्थितियों में किस प्रकार का व्यवहार करना है, सोचना नहीं पड़ता है और विभिन्न सामाजिक परिस्थितियाँ भी व्यक्ति को नयी नहीं लगती है।

(2) एक समाज के सभी व्यक्तियों को एक जैसे विश्वास हस्तांतरित होते है। समाज के सामाजिक जीवन की दृष्टि से विश्वास ही एकरूपता उत्पन्न करते है।

- ज्ञान के विस्मरण का क्या अर्थ है?
- ज्ञान की प्रमाणिकता का क्या आधार है?
- ज्ञान की प्रक्रिया में कौन सी भूलें सम्भव है?
- क्या हमारा ज्ञान निश्चित है अथवा केवल अनुभूति और आस्था से हम उसे निश्चित मानते है?
- कुछ विश्वासों को अन्य विश्वासों से अधिक प्रामाणिक क्यों माना जाता है?
- ज्ञान के विभिन्न प्रकारों में क्या अन्तर है?
- ज्ञान का विज्ञान और दर्शन से क्या सम्बन्ध है? इत्यादि।

इमेनुएल काण्ट एक जर्मन दार्शनिक थे जिन्होंने ज्ञानमीमांसा के क्षेत्र में एक स्थायी एवं महत्वपूर्ण …गदान किया है। उनकी विषय सामग्री, ज्ञान की प्रक्रिया, लक्ष्य, दशाएँ, प्रणालियाँ, प्रामाणिकता एवं भ्रान्तियाँ … ज्ञानमीमांसा के अन्तर्गत इन सब का विवेचन किया जाता है।

ज्ञानमीमांसा आगमन और निगमन तथा संश्लेषण एवं विश्लेषण विधियों का उपयोग करता है। …नमीमांसा सम्बन्धी समस्याओं के विषय में दार्शनिकों ने विभिन्न निष्कर्ष दिये हैं, जबकि यथार्थवादी दार्शनिकों … अनुसार ज्ञान वस्तु का ज्ञान है, आदर्शवादी दार्शनिक उसे प्रत्ययों का ज्ञान मानते हैं, जबकि कुछ ज्ञानशास्त्री …ह सोचते है कि वस्तु की उपस्थिति ज्ञान के लिए अनिवार्य है और इसलिए प्रत्येक ज्ञान ज्ञाता और ज्ञेय दोनों …ा ज्ञान है, दूसरों के अनुसार ज्ञेय का ज्ञान ज्ञाता के ज्ञान से भिन्न है। इस प्रकार ज्ञानशास्त्रीय समस्याओं को …र यथार्थवादी, प्रत्ययवादी, अनुभववादी, बुद्धिवादी और समीक्षावादी दार्शनिकों ने भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण …पनाये। ज्ञान की सम्भावना के विषय में अज्ञेयवादी, संशयवादी और रहस्यवादी दार्शनिक भिन्न-भिन्न …म्भावनाएँ बतलाते है। इन सभी ने ज्ञान के विभिन्न पहलुओं का विवेचन किया है।

विश्व के ज्ञान से सम्बन्धित समस्याएँ दर्शन का प्रमुख विषय बनी रही हैं। इसलिए ज्ञान-सम्बन्धी विवेचन … दर्शन (ज्ञानमीमांसा) का एक प्रमुख अंग है। इन विवेचनों का सम्बन्ध मुख्यतः निम्नलिखित चार प्रश्नों के …थ रहा है—

(1) ज्ञान क्या है?

(2) ज्ञान के साधन क्या है?

(3) ज्ञान की सत्यता-असत्यता कैसे निर्धारित की जाती है?

(4) विश्व सम्बन्धी हमारे ज्ञान में ज्ञाता-ज्ञेय के बीच सम्बन्ध किस प्रकार का होता है?

…ान का अर्थ (Meaning of Knowledge)

ज्ञान शब्द की कोई व्यापक परिभाषा देना कठिन है, क्योंकि दर्शनों की प्रत्येक विचारधाराओं ने अपने ढंग …ज्ञान की परिभाषा दी है। जिसका सम्बन्ध द्रव्य अथवा सत्य से होता है।

Scanned with CamScanner

ज्ञाता और ज्ञेय के पारस्परिक सम्बन्ध को ज्ञान माना जाता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि प्रत्येक ज्ञान में एक ज्ञाता तथ एक ज्ञेय होता है और जब ज्ञाता का ज्ञेय के साथ इन्द्रियों के माध्यम से सम्पर्क होता है तो ज्ञेय के प्रदार्थ के सम्बन्ध में एक चेतना होती है और जिसका अस्तित्व है और उसके विशेष गुण है। इसी प्रकार की चेतना को ज्ञान की संज्ञा दी जाती है। ज्ञानेन्द्रियों से जो प्रत्यक्षीकरण तथा अनुभव होता है, उसे भी ज्ञान कहते है ज्ञान इन्द्रियों तक ही सीमित होता अपितु इन्द्रियों से परे भी अनुभूतियाँ होती हैं, उसे भी ज्ञान कहा जाता है।

आदर्शवाद चेतना को ज्ञान की संज्ञा देता है, जो ज्ञानेन्द्रियों और ज्ञानेन्द्रियों से परे अनुभूतियों से सम्बन्धित है, जबकि प्रयोजनवाद और प्रकृतिवाद ज्ञानेन्द्रियों के प्रत्यक्षीकरण को ही ज्ञान मानते हैं।

ज्ञान के सम्बन्ध में दो प्रमुख विचार हैं—

(1) वास्तविक ज्ञान का स्वरूप

(2) सत्य अथवा द्रव्य का ज्ञान

इनके समझने के लिए तीन बातों को समझना आवश्यक है—

(अ) ज्ञान का स्वरूप

(ब) ज्ञान की अवस्था

(स) ज्ञान का अन्य पक्षों से सम्बन्ध

ज्ञान के स्वरूप को मानसिक घटना तथा मनोवैज्ञानिक क्रिया; जैसे—जानना, करना और अनुभूति करना मानते हैं। यहाँ मनुष्य के तीन प्रकार के व्यवहार होते हैं। दार्शनिकों ने ज्ञान को समझने के लिए तार्किक प्रक्रिया का उपयोग किया है।

ज्ञान का सम्बन्ध किसी कार्य के करने की क्षमता से होता है; जैसे—पढ़ना, लिखना, बोलना, सीखना, तैरना आदि। ज्ञान का पक्ष वस्तु के गुणों से सम्बन्धित होता है। यह पक्ष कुछ प्रतिज्ञप्तियों से सम्बन्धित होता है यह प्रदर्शित करता है कि वास्तविक ज्ञान तब होता है जब उसको उस वस्तु को उसके वास्तविक रूप में दिखाया जावे (जैसे—किसी वस्तु को दिखाना) उदाहरणार्थ—यदि हम ताजमहल का वास्तविक ज्ञान प्राप्त करना चाहें तो हमें ताजमहल को आगरा जाकर वास्तविक रूप में देखना होगा और तभी हम उसका वास्तविक ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं क्योंकि इसमें हमारी सभी ज्ञानेन्द्रियाँ एवं कर्मेन्द्रियाँ सक्रिय रहती हैं। वास्तविक ज्ञान को ही स्वीकार करते हैं और उसमें कोई प्रतिज्ञप्ति नहीं होती, जबकि सत्य अथवा द्रव्य के ज्ञान में प्रतिज्ञप्तियों का विशेष महत्व होता है। प्रतिज्ञप्तियों एवं अवधारणाओं के बिना सत्य का ज्ञान नहीं किया जा सकता है।

भारतीय दर्शन के अनुसार ज्ञान का अर्थ

भारतीय दर्शन के अनुसार 'ज्ञान का अर्थ' समझने के लिए चार परिस्थितियों को बोध होना आवश्यक है। ज्ञान के सन्दर्भ में अनेक प्रश्न हैं जिनका अभी तक उत्तर देना शेष है। जिनके कारण ज्ञान की परिभाषाओं में सन्देह उत्पन्न होता है। ज्ञान की सैद्धान्तिक समस्या अधिक है क्योंकि सत्य का रूप सुनिश्चित होना चाहिए जिससे 'ज्ञान' की परिभाषा की जा सके। यह चार परिस्थितियाँ इस प्रकार हैं—

(1) सत्य और वस्तुनिष्ठता (Reality and Objectivity),

(2) ज्ञान की सार्थकता (Worth of Knowledge),

(3) ज्ञान की सत्यता (Truthfulness of Knowledge) तथा

(4) तार्किक प्रतिज्ञप्ति सत्यता (Truthfulness of Logical Proposition)।

इन परिस्थितियों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है—

(1) ज्ञान सत्य होना चाहिए, जिससे उसकी वस्तुनिष्ठता का आकलन किया जा सके।

(2) ज्ञान के अस्तित्व में कोई सन्देह नहीं होना चाहिए।

(3) ज्ञान की सत्यता की पुष्टि में कोई भी सन्देह नहीं होना चाहिए। इसके लिए तीन उप-परिस्थितियों की अवश्यकता होती है—

(अ) सम्बन्धित प्रतिज्ञप्तियाँ आनुभविक अनुभव तथा संवेदनाओं पर आधारित होनी चाहिए।

(ब) प्रतिज्ञप्तियों की पुष्टि की जा सके।

(स) ज्ञाता को प्रतिज्ञप्तियों की सत्यता में विश्वास होना चाहिए।

(4) तार्किक प्रतिज्ञप्ति भी सत्य होनी चाहिये।

भारतीय दर्शन के अनुसार चेतना को ज्ञान की संज्ञा दी जाती है। ज्ञानेन्द्रियों के अनुभव तक ही सीमित नहीं है अपितु इन्द्रियों से अनुभूतियों को भी ज्ञान मानते हैं। **कर्म योग, ज्ञान योग तथा भक्ति योग** ज्ञान के साधन हैं।

किसी प्रतिज्ञप्ति की सत्यता को जानने का क्या अर्थ है, इसके लिए कुछ परिस्थितियों का बोध आवश्यक है।

ज्ञान के सम्बन्ध में परिस्थितियाँ

प्रतिज्ञप्तियों की सत्यता के लिए चार परिस्थितियाँ आवश्यक होती है। इनका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है—

(1) जब कोई प्रतिज्ञप्ति की अवधारणा होती है तब प्रतिज्ञप्ति सत्य होनी चाहिए, तभी वह ज्ञान का रूप लेती है। परिकल्पना की पुष्टि के बाद ही सिद्धान्त बनता है।

(2) अनेक प्रतिज्ञप्तियाँ सत्य हो सकती हैं, परन्तु उनकी वैधता की जानकारी नहीं होती है। इसीलिए जिन प्रतिज्ञप्तियों की सत्यता में विश्वास होता है उसे ज्ञान की संज्ञा देते हैं।

यहाँ पर प्रश्न उठता है कि क्या सत्य में विश्वास होना ही ज्ञान है? इसका उत्तर ना में है, क्योंकि विश्वास बदलता रहता है तथा प्रतिज्ञप्ति की सत्यता भी परिवर्तनशील है।

(3) किसी विश्व को बदलने के लिए कितने प्रमाणों की आवश्यकता है? अनेक प्रमाणों की सहायता से विश्वास को बदल सकते हैं। प्रमाणों की उपलब्धता सीमित नहीं है। यह कहा जाता है कि प्रतिज्ञप्ति की सत्यता के लिए पूर्ण प्रमाण की आवश्यकता होती है।

(4) ज्ञान का रूप सुनिश्चित नहीं है, क्योंकि ज्ञान वृद्धि की सम्भावना बनी रहती है। अनुसन्धान ज्ञान वृद्धि की प्रक्रिया मानी जाती है। नवीन अनुभव, अनुभूतियों से ज्ञान में वृद्धि होती रहती है। नवीन प्रतिज्ञप्तियों का प्रतिपादन होता है और उनकी पुष्टि होती रहती है।

अनुभवों को ज्ञान की संज्ञा देने में कठिनाई यह है कि इन्द्रियों से भ्रम भी होता है। मरुस्थल में जल भ्रम होता है। इसलिए विश्व का सम्पूर्ण ज्ञान सत्य नहीं होता है। पुष्टि तथा सत्यता के पश्चात् ही उसे ज्ञान की संज्ञा दी जा सकती है, परन्तु सभी प्रतिज्ञप्तियों तथा परिकल्पनों की पुष्टि हेतु प्रमाण मिलना सम्भव भी नहीं होता है। इस प्रकार मानवी सम्पूर्ण ज्ञान प्रामाणिकता पर आधारित नहीं होता है। ज्ञान आस्था तथा विश्वास से भी होता है जिसे भक्ति योग कहते हैं। प्रमाण की यथेष्टता भी निश्चित नहीं है कि प्रतिज्ञप्ति की पुष्टि हेतु यथेष्ट प्रमाण उपलब्ध है।

ज्ञान के स्रोत ✓
(Sources of Knowledge)

तार्किक ज्ञान प्रतिज्ञप्ति की सत्यता पर आधारित है। यहाँ पर यह स्वाभाविक प्रश्न उठता है कि प्रतिज्ञप्ति की सत्यता के लिए बोध किस प्रकार होता है? ज्ञान स्रोत कितने होते है? सामान्यतः ज्ञान के चार प्रमुख स्रोत माने जाते हैं—

(1) अनुभवजन्य इन्द्रियों से प्रत्यक्षीकरण (Preception),

(2) तार्किक चिन्तन (Logical Thinking),

Scanned with CamScanner

(3) निर्णयों एवं स्वामित्व से (Judgement) तथा

(4) अन्तर्दृष्टि अथवा अन्त:प्रज्ञा (Intution)।

इनका विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से है—

(1) अनुभवजन्य इन्द्रियों से प्रत्यक्षीकरण (Preception)—इन्द्रियों द्वारा जो अनुभव या प्रत्यक्षीकरण होता है वह ज्ञान का एक प्रमुख साधन है। हमारी पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ हैं—आँख, कान, नाक, जीभ और त्वचा। इनके द्वारा क्रमश: देखकर, सुनकर, सूँघकर, स्वाद लेकर तथा स्पर्श कर हम सांसरिक वस्तुओं के बारे में तरह-तरह के ज्ञान प्राप्त करते हैं। ऐसे ज्ञान को प्रत्यक्ष ज्ञान कहा जाता है। ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा जो अनुभव प्राप्त होते हैं उनकी प्रामाणिकता भी आवश्यक होती है, क्योंकि अनुभवों में कभी-कभी भ्रम भी हो जाता है।

इन्द्रियानुभव के द्वारा ज्ञान के सम्बन्ध में एक महत्त्वपूर्ण बात यह है कि प्रत्येक ऐसे ज्ञान में जो इन्द्रियानुभव के अलावा निर्णय की एक क्रिया निहित होती है और इस ज्ञान में जो भूल होती है वह इस निर्णय की भूल के चलते ही होती है। कोरा इन्द्रिय-प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं होता, बल्कि उसी आधार पर जब हम कुछ निर्णय करते हैं; जैसे—यह कुर्सी इसमें चार पैर हैं, आदि, तो ज्ञान इन निर्णयों के द्वारा ही निर्मित होता है।

इन्द्रियों द्वारा जो ज्ञान प्राप्त होता है उसकी विश्वसनीयता का आकलन किया जा सकता है, परन्तु उस ज्ञान की वैधता ज्ञात करना कठिन होता है। इसका अर्थ होता है कि ज्ञान की सत्यता की पुष्टि करना कठिन होता है।

(2) तार्किक चिन्तन (Logical Thinking)—तार्किक चिन्तन मनुष्य के अन्दर एक ऐसी योग्यता है जिसके बिना कोई भी ज्ञान सम्भव नहीं है। अनुभव द्वारा जो ज्ञान प्राप्त होता है उसमें वस्तुओं की उपस्थिति आवश्यक होती है, परन्तु जो ज्ञान अमूर्त है अथवा अवधारणाओं तथा प्रतिज्ञप्तियों पर आधारित है ऐसे ज्ञान का आधार तार्किक चिन्तन होता है। इन्द्रिय अनुभव के द्वारा रंग, स्वाद तथा गन्ध आदि से सम्बन्धित कुछ संवेदन प्राप्त कर लेते हैं, परन्तु जब वस्तुओं में भेद करने का प्रश्न आता है वहाँ हमें तर्क चिन्तन की आवश्यकता होती है। इसमें अमूर्त चिन्तन की प्रक्रिया निहित होती है। इस अर्थ में ज्ञान का आधार तर्क-बुद्धि है।

तर्कानुमान को प्राय: दो तरह का माना गया है—निगमनात्मक (Deductive) आगमनात्मक (Inductive)। निगमनात्मक तर्कानुमान का लक्षण यह है कि यदि वह वैध होगा तो उसके आधार-वाक्यों से निष्कर्ष अनिवार्यत: निकलेगा। दूसरे शब्दों में, निगमनात्मक तर्कानुमान में यदि आधार-वाक्य सत्य हो तो निष्कर्ष भी अनिवार्यत: सत्य होगा। यहाँ आधार-वाक्य तथा निष्कर्ष की सत्यता-असत्यता से तात्पर्य उनकी वास्तविक सत्यता-असत्यता से नहीं है। अत: जब हम कहते हैं कि आधार-वाक्यों के सत्य होने से निष्कर्ष अनिवार्यत: सत्य होगा तो इसका तात्पर्य सिर्फ इतना है कि यदि आधार-वाक्य सत्य हो अर्थात् यदि उन्हें सत्य मान लिया जाए तो निष्कर्ष को भी सत्यता अनिवार्यत: स्वीकार करनी होगी। निगमनात्मक तर्कानुमान का सम्बन्ध वैधता-अवैधता से होता है, सत्यता-असत्यता से नहीं। सत्य-असत्य प्रतिज्ञप्तियाँ होती हैं, निगमनात्मक तर्कानुमान तो केवल वैध या अवैध होता है। यही कारण है कि वैसा निगमनात्मक तर्कानुमान भी वैध हो सकता है जिसके आधार-वाक्य तथा निष्कर्ष सभी वास्तविक दृष्टि से असत्य हो और वैसा निगमनात्मक तर्कानुमान अवैध हो सकता है।

उपर्युक्त विवेचन से यह स्पष्ट होता है कि तर्क-बुद्धि के दो रूप हैं—

(अ) निगमन तर्क-बुद्धि—इस प्रकार के तार्किक चिन्तन में अनेक नियमों तथा सामान्यीकरण का उपयोग किया जाता है। आदर्शवाद में इस तार्किक चिन्तन का विशेष उपयोग किया जाता है। इस चिन्तन के अन्तर्गत हम किसी नियम या सामान्यीकरण से विशिष्ट की ओर बढ़ते हैं। इसमें प्रतिज्ञप्तियों की विशेष भूमिका रहती है; जैसे—सामान्यीकरण → विशिष्टीकरण

सभी मनुष्य मरणशील हैं—(सामान्यीकरण या नियम)

मोहन एक व्यक्ति है

∴ मोहन मरणशील है—(विशिष्टीकरण)

(ब) आगमन तर्क-बुद्धि—इसके अन्तर्गत सत्य की सम्भावना रहती है। इसका प्रयोग प्रकृतिवाद के अन्तर्गत किया जाता है। इस प्रकार का चिन्तन विशिष्ट से आरम्भ होकर सामान्यीकरण की ओर बढ़ता है और सत्यता की पुष्टि प्रमाणों के आधार पर की जाती है। इसमें परिकल्पनाओं की विशेषत: भूमिका होती है; जैसे—

विशिष्टीकरण → सामान्यीकरण

मोहन एक व्यक्ति है (विशिष्टीकरण)

मोहन मरणशील है

∴ सभी मनुष्य मरणशील हैं (सामान्यीकरण या नियम)

(3) निर्णयों एवं स्वामित्व से (Judgements and Mastery)—महापुरुषों के द्वारा जो कथन दिये जाते हैं वही ज्ञान का स्रोत होते हैं। कथनों तथा परिभाषाओं को ज्ञान के स्रोत के रूप में प्रयुक्त करते हैं, परन्तु ऐसे ज्ञान की सत्यता की परख करना कठिन होता है। इसके अतिरिक्त जो निर्णय लिये जाते हैं वह भी ज्ञान का स्रोत होते हैं। इस तरह के ज्ञान के लिए निम्नलिखित सावधानियाँ रखनी होती हैं—

(i) व्यक्ति को उस ज्ञान अथवा विषय का स्वामित्व होना चाहिए।

(ii) व्यक्ति को वास्तव में स्वामित्व की सक्षमता होनी चाहिए।

(iii) कथनों को जीवन में व्यावहारिकता तथा सत्यता होनी चाहिए।

(iv) ऐसे कथन प्राकृतिक तथ्यों के विपरीत नहीं होने चाहिए।

(v) व्यक्ति की अपेक्षा उसके कथन की सत्यता का आकलन करना महत्त्वपूर्ण होता है।

(vi) यदि अन्य महापुरुषों ने कथन का खण्डन किया है तो उसको ज्ञान का स्रोत नहीं मानना चाहिए।

(vii) उस व्यक्ति के कथनों में विरोधाभास नहीं होना चाहिए। यदि विरोधाभास है तो उस कथन को ज्ञान का स्रोत नहीं माना जाना चाहिए।

(4) अन्तर्दृष्टि अथवा अन्त:प्रज्ञा (Intution)—अन्तर्दृष्टि शब्द से ही प्रतीत होता है कि यह एक आन्तरिक बोध है, जिसमें ज्ञान के रूप में जो कुछ स्पष्ट होता है अथवा विदित होता है। इसके अन्तर्गत ज्ञानेन्द्रियों तथा तर्कचिन्तन की कोई भूमिका नहीं होती, इसके अन्तर्गत अचानक एक प्रकाश की ज्योति से मालूम पड़ता है, जिससे हमें बहुत कुछ बोध होता है। इस प्रकाश को ज्ञान की संज्ञा देते हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि अन्तर्दृष्टि या अन्त:प्रज्ञा हमारे अन्दर एक निहित सहज क्षमता है जो कभी अचानक रूप से क्रियाशील होकर हमें आलोकित करती है।

अन्त:प्रज्ञा के साथ आत्मनिष्ठता का ऐसा पुट सम्बद्ध है कि यदि इसे यथार्थ ज्ञान का साधन मान भी लिया जाए तो फिर ज्ञान में वस्तुनिष्ठता तथा सार्वजनिकता जैसी कोई चीज नहीं रह जायेगी। प्रत्येक व्यक्ति अपनी अन्त:प्रज्ञा के आधार पर किसी भी प्रतिज्ञप्ति 'p' को सत्यता का दावा करेगा और यह निर्धारित करना कठिन हो जायेगा कि कौन प्रतिज्ञप्ति सत्य है? और कौन असत्य है?

ज्ञान सम्बन्धी प्रमुख सिद्धान्त
(Some Theories Related to the Means of Knowledge)

ज्ञान के प्रमुख दो स्रोत—(1) ज्ञानेन्द्रियों के अनुभव तथा (2) तर्कचिन्तन माने जाते हैं। वास्तव में यही दो ज्ञान के स्रोत हैं। दोनों स्रोत समान रूप से महत्त्वपूर्ण हैं। इनके विवेचन के लिए तीन सिद्धान्तों का उपयोग किया जाता है—

(1) बुद्धिवाद (Rationalism),

(2) अनुभववाद (Empiricism) तथा

(3) समीक्षावाद (Criticism)।

Scanned with CamScanner

2

सूचना तथा ज्ञान, विश्वास तथा सत्य, तर्क बुद्धि तथा विश्लेषण के बीच अंतर
[Distinction Between Information and Knowledge, Belief and Truth, Reasoning and Analysis]

सूचना तथा ज्ञान
(Information and Knowledge)

1. सूचना तथा ज्ञान के बारे में आप क्या जानते हैं? सूचना तथा ज्ञान के संबंध का वर्णन कीजिए। सूचना तथा ज्ञान में क्या अंतर है?
(What do you know about information and knowledge? Describe the relationship between information and knowledge. What is distinction between information and knowledge?)

उत्तर–**'सूचना' का अर्थ (Meaning of Information)**–'सूचना' (Information) शब्द को विभिन्न तरीकों से प्रयोग किया जाता है। दो शब्दों 'आंकड़ों' (Data) और 'सूचना' (Information) का बहुत प्रयोग किया जाता है जो कि आपस में सम्बन्धित होते हैं। आंकड़े (Data) कोई भी तथ्य (Fact), अवलोकन (Observation), अवधारणा (Assumption), नाम, समय, तिथि, भार, मूल्य, आयु, पुस्तक, अंक, प्रतिशत, ग्रेड आदि हो सकते हैं। आंकड़े किसी व्यक्ति की क्रिया का गुण (Attribute) होते हैं।

आंकड़ों का संक्षिप्त स्वरूप 'सूचना' (Information) है। आंकड़ों और सूचना में सम्बन्ध होता है। किसी सूचना-प्रणाली में डाली गई सामग्री (Input) आंकड़े (Data) कहलाती है। अतः सूचनाएं वे आंकड़े होती हैं जिन्हें किसी स्वरूप (Form) में उत्पन्न किया गया है तथा जो प्राप्तकर्ता (Receiver) के लिए उपयोगी होती हैं और तत्काल या भविष्य की क्रियाओं एवं निर्णयों के लिए कीमती होती हैं।

कोई भी सूचना या आंकड़े किसी भी बहस, गणना या निर्णय का आधार होते हैं। दूसरे शब्दों में 'सूचना' वह आंकड़े हैं जिसका अर्थ निश्चित होता है।

आंकड़े मूल तथ्य होते हैं जिन्हें किसी संस्था के ऐतिहासिक रिकार्ड के रूप में प्रयोग किया जाता है। दैनिक जीवन में हम आंकड़ों और सूचना को एक-दूसरे के लिए प्रयुक्त करते हैं।

सूचना वे आंकड़े हैं जिन्हें निर्णयों के लिए प्रयुक्त किया जाता है। (Information is data which is used in decision making.)

Scanned with CamScanner

'सूचना' की विशेषताएँ (Characteristics of Information)–प्रत्येक सूचना का मूल्य (Value) होता है। इस मूल्य को कई कारक प्रभावित करते हैं। सभी कारक 'सूचना' की विशेषताएँ होती हैं जो कि निम्नलिखित हैं–

1. **उपलब्धता (Availability)**–कई बार कई सूचनाएँ पहले तो उपलब्ध नहीं होती, लेकिन बाद में उपलब्ध हो जाती हैं। बाद में उपलब्ध सूचनाएँ व्यक्ति के लिए नई होती हैं तथा व्यक्ति के लिए निर्णय लेने में बहुत लाभदायक सिद्ध होती हैं।
2. **उपयुक्त (Accuracy)**–सूचना बिल्कुल सही या उपयुक्त होनी चाहिए। गलत सूचना किसी व्यक्ति या संस्था को हानि पहुँचा सकती है।
3. **समयबद्धता (Timeliness)**–वांछित सूचना अति शीघ्रता से उपलब्ध हो जानी चाहिए। देर से उपलब्ध सूचना लाभकारी नहीं रहती।
4. **सम्पूर्णता (Completeness)**–केवल सम्पूर्ण सूचना ही लाभकारी हो सकती है। संगृहीत सूचना हर प्रकार से सम्पूर्ण होनी चाहिए। अपूर्ण सूचना भी हानिकारक हो सकती है।
5. **प्रस्तुतीकरण (Presentation)**–सूचना को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाना चाहिए। इससे सूचना का मूल्य बढ़ता है। सूचना को अर्थपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करने पर उसे अधिक प्रभावशाली और कीमती बनाया जा सकता है।

सूचना के स्तर (Levels of Information)–किसी भी संगठन में विभिन्न स्तरों पर भिन्न-भिन्न सूचनाएँ वांछित होती हैं। 'सूचना' के स्तर निम्नलिखित होते हैं-

1. **अन्तर्राष्ट्रीय सूचना (International Information)**–बड़े-बड़े संगठन अन्तर्राष्ट्रीय महत्व की सूचना चाहते हैं। यह अन्तर्राष्ट्रीय सूचना राष्ट्रीय सूचना के अतिरिक्त वांछित होती है। वह बड़े-बड़े व्यापार-घरानों, विश्वविद्यालयों, शैक्षिक संस्थानों के लिए सत्य है। वे इंटरनेट के माध्यम से सूचनाएँ प्राप्त करते हैं।
2. **राष्ट्रीय सूचना (National Information)**–अन्तर्राष्ट्रीय सूचना की तरह राष्ट्रीय सूचना भी महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय सूचना के स्रोत हैं- शैक्षिक या व्यापारिक नेटवर्क, टी0वी0 पर आधारित कार्यक्रम, रिव्यूज (Reviews) या समाचार-पत्रों में प्रकाशित लेख।
3. **कारपोरेट सूचना (Corporate Information)**–इस प्रकार की सूचना स्वयं संगठन के बारे में होती है। इसे आमतौर पर कर्मचारियों तथा संस्था के विद्यार्थियों तक पहुँचाया जाता है।
4. **डिपार्टमेंटल सूचना (Departmental Information)**–सभी संगठन या संस्थाएँ विभिन्न विभागों में बंटे होते हैं। हर संस्था के लक्ष्य निर्धारित किये जाते हैं लेकिन उन्हें विभागों के अनुसार वर्गीकृत किया जाता है, ताकि उन लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से अर्जित किया जा सके। सम्बन्धित विभागों को उत्तरदायित्व निर्धारित कर दिये जाते हैं।
5. **व्यक्तिगत सूचना (Individual Information)**–इस सूचना में संगठन के स्टाफ के सदस्यों और कर्मचारियों की सूचना शामिल होती है। इसमें व्यक्तिगत सूचना होती है, जैसे-निवास, वैवाहिक स्तर आदि। इसमें व्यावसायिक सूचनाएँ जैसे अनुभव, वेतन-स्तर आदि भी शामिल होते हैं।

शिक्षा व दर्शन के क्षेत्र में ज्ञान शब्द का प्रयोग बहुत अधिक किया जाता है। ज्ञान का दर्शन के साथ घनिष्ट संबंध है क्योंकि दर्शन का अर्थ है–ज्ञान के प्रति प्रेम (Love of knowledge) जीवन, जगत, आत्मा और परमात्मा आदि के विषय में वास्तविक ज्ञान प्राप्त करना ही दर्शन का उद्देश्य है जैसा कि जॉन डीवी महोदय ने कहा है–

"दर्शन का मुख्य उद्देश्य है वास्तविकता का ज्ञान।"
(The primary aim of philosophy is knowledge of reality.)

दर्शन की तीन शाखाएँ हैं–

(i) तत्व मीमांसा (Metaphysics)
(ii) ज्ञान मीमांसा (Epistemology)
(iii) मूल्य मीमांसा (Axiology)

दर्शन की दूसरी शाखा ज्ञान मीमांसा के अंतर्गत ज्ञान के स्वरूप, विधियों तथा स्रोतों आदि की विवेचना की जाती है। अब हम सर्व प्रथम इस विषय पर विचार करेंगे कि दार्शनिक दृष्टि से ज्ञान का क्या अर्थ है?

ज्ञान का प्रत्यय/अवधारणा/अर्थ (Concept/Meaning of knowledge): ज्ञान की दार्शनिक अवधारणा को जानने के लिए इसका शाब्दिक अर्थ जानना आवश्यक है।

ज्ञान का शाब्दिक अर्थ (Etymological Meaning of knowledge): ज्ञान शब्द संस्कृत की ज्ञा धातु से बना है जो 'जानना' अर्थ में प्रयोग होती है। अंग्रेजी भाषा में इसके लिए प्रयुक्त **knowledge** शब्द भी To know से संबंध रखता है, जिसका संबंध भी 'जानने' से है। इस प्रकार स्पष्ट है कि 'ज्ञान' शब्द का संबंध 'जानकारी' के साथ है। किसी वस्तु अथवा विषय आदि के बारे में हमारा आरंभिक ज्ञान उनसे संबंधित सामान्य जानकारी अथवा सूचना पर आधारित होता है। हमें तथ्यों की समझ नहीं होती। आयु बढ़ने के साथ-साथ हमारी बौद्धिक क्षमताओं का विकास होता है और हमारा ज्ञान भी परिपक्व होता चला जाता है।

शब्दकोश में ज्ञान के अनेक अर्थ बताए गए हैं–

(i) **सूचना (Information)**–किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा विषय से संबंधित जानकारी ज्ञान है।
(ii) **अधिगम (Learning)**–स्वयं के अनुभवों तथा प्रशिक्षण के द्वारा जो अधिगम होता है वह ज्ञान है।
(iii) **निश्चित विश्वास (Assured Belief)**–अपने अनुभवों व चिंतन के आधार पर व्यक्ति के जो निश्चित विश्वास बन जाते हैं वही ज्ञान है।
(iv) **ज्ञात (Known):** जो ज्ञात अर्थात् जाना हुआ है वह ज्ञान है।
(v) **प्रकाशित होना (Enlightenment)**–जिसका बोध हो गया अथवा जो व्यक्ति के मन में प्रकाशित हो गया वह ज्ञान है या जो मन को प्रकाशित कर दे वह ज्ञान है।

उपर्युक्त सभी अर्थों को दर्शन के संदर्भ में प्रयोग करते हुए कहा जा सकता है कि जीवन, संसार, आत्मा व परमात्मा आदि के विषय में जो ज्ञात है, प्रकाशित है, सूचित है तथा अपने अध्ययन व अनुभवों के आधार पर जो विश्वास हमने बनाए हैं वे सभी ज्ञान हैं। मनुष्य विचारशील प्राणी है। अपने मनन व प्रयोगों के आधार पर उसके पूर्व विश्वास टूट जाते हैं और नए विश्वास बनने लगते हैं। वह जीवन तथा जगत् आदि के बारे में नए निष्कर्ष निकालने लगता है। ये नवीन विश्वास व निष्कर्ष भी ज्ञान हैं।

ज्ञान की प्रकृति/स्वरूप (Nature of knowledge): यद्यपि इसकी प्रकृति के संबंध में अनेक दृष्टिकोण हैं पर इसके अर्थों के आधार पर कहा जा सकता है कि इसकी निम्नलिखित विशेषताएँ हैं–

1. बुद्धि ज्ञान का स्रोत है। इसके द्वारा ही ज्ञान की प्राप्ति होती है।
2. ज्ञानेन्द्रियाँ ज्ञान प्राप्ति का साधन है।
3. ज्ञान व्यक्ति के अनुभवों का परिणाम है।
4. ज्ञान व्यक्ति के अंतःकरण को प्रकाशित कर देता है।
5. इसका संबंध व्यक्ति द्वारा अपने व दूसरों के अनुभवों के आधार पर विकसित विश्वासों के साथ है।
6. विभिन्न विषयों से संबंधित सूचनाएँ या जानकारी भी ज्ञान का अभिन्न अंग हैं।

संक्षेप में ज्ञान का स्वरूप समन्वयात्मक है। यह केवल बौद्धिक, अनुभवात्मक या आध्यात्मिक नहीं है।

Scanned with CamScanner

ज्ञान तथा सूचना में अंतर

क्र.सं.	ज्ञान	सूचना
1.	ज्ञान एक विस्तृत अवधारणा है।	सूचना ज्ञान के समान विस्तृत अवधारणा न होकर संकीर्ण अवधारणा है।
2.	ज्ञान मात्र आंकड़े व तथ्य नहीं हैं।	सूचना मात्र आंकड़े व तथ्य होते हैं।
3.	ज्ञान के अंतर्गत तथ्यों की जानकारी को अर्थपूर्ण स्तर तक जानना आवश्यक है।	सूचना के अंतर्गत तथ्यों की जानकारी आवश्यक नहीं है।
4.	ज्ञान प्राप्ति की प्रक्रिया में मानसिक परिवर्तन और मानसिक वृद्धि होती है।	सूचना प्राप्ति में किसी भी प्रकार के मानसिक परिवर्तन तथा मानसिक वृद्धि नहीं होती।

◆◆◆

विश्वास तथा सत्य
(Belief and Truth)

2. विश्वास तथा सत्य के बारे में आप क्या जानते हैं? विश्वास तथा सत्य में क्या सम्बन्ध है?
(What do you know about Belief and truth? What is relationship between belief and truth?)

अथवा

विश्वास तथा सत्य में क्या सम्बन्ध है? विश्वास तथा सत्य के बीच विभेद का वर्णन कीजिए।
(What is relationship between belief and truth? Describe the destination between belief and truth.)

उत्तर–विश्वास ज्ञान का ही रूप है। अपने अनुभवों व चिन्तन के आधार पर जो निश्चित विश्वास बन जाते हैं, उन्हें ज्ञान कहा जाता है अर्थात विश्वास ज्ञान में रूपान्तरित होता है, लेकिन विश्वास को ज्ञान में बदलने के लिए यह जरूरी है कि उसकी सत्यता का प्रमाण हो।"

विश्वास की परिभाषा *(Definition of Belief)*

1. ए.ड.वूजेल–ए.डी.वूजेल विश्वास को मानसिक क्रिया अथवा अवस्था न मानकर उसे वृत्ति मानते हैं। वूजेल का मानना है कि विश्वास के लिए प्रमाण का होना अनिवार्य है। क्योंकि कोई भी विश्वास अकारण या प्रमाण रहित नहीं होता। वस्तुतः जिस प्रमाण को हम विश्वास रहित समझते हैं, उसमें बात सिर्फ इतनी सी है कि जिस प्रमाण के आधार पर हम विश्वास करते हैं, उन प्रमाणों को दूसरों के सामने रखते हुए हिचकते हैं कि दूसरा व्यक्ति इस प्रमाण को मानेगा या नहीं।

2. रसेल के अनुसार–"विश्वास मानसिक और शारीरिक दोनों स्थितियों का प्रमाणित मेल है। रसेल का मानना है कि विश्वास मात्र मन या मात्र शरीर से सम्बन्धित नहीं है, बल्कि मानव संरचना की एक विशेष अवस्था है।"

विश्वास शब्द को वेबस्टर शब्दकोश में स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि "विश्वास किसी वस्तु की सत्यता की मानसिक स्वीकृति होती है। यह आवश्यक नहीं है कि निरपेक्ष रूप सत्य हो।" उक्त परिभाषा से तीन बातें स्पष्ट होती हैं––

1. विश्वास की स्थिति में निरपेक्ष सत्यता आवश्यक नहीं है।
2. विश्वास एक प्रकार की मानसिकता है।
3. यह मानसिकता किसी तथ्य को स्वीकार करने की है।

इस प्रकार ज्ञान की शास्त्रीय परिभाषा–प्रामाणिक सत्य विश्वास ही ज्ञान है, के अनुसार ज्ञान की तीन अनिवार्य शर्तें हैं–

1. ज्ञाता के मन में विश्वास होना–किसी विश्वास के बिना कोई ज्ञान नहीं हो सकता। अतः ज्ञाता के मन में विश्वास होना अत्यन्त आवश्यक है।

2. विश्वास का सत्य होना–वे विश्वास ही ज्ञान की श्रेणी में आते हैं जो सत्य भी हों। अतः विश्वास को ज्ञान की श्रेणी में लाने के लिए उसमें सत्यता का होना अनिवार्य है।

3. विश्वास को सत्य मानने के लिए उसके पास प्रमाण का होना–विश्वास को सत्य मानने के लिए प्रमाण का होना अत्यन्त जरूरी है। माना जा सकता है कि ज्ञान की परिभाषा देते हुए प्लेटो ने कहा है–"सत्य विश्वास के साथ-साथ अगर तार्किक प्रमाण भी हो हम उसे ज्ञान कह सकते है।

सत्य के सिद्धान्त (Theories of Truth)–विभिन्न स्रोतों से ज्ञान प्राप्त कर लेना ही पर्याप्त नहीं है। यह जानना भी आवश्यक है कि ज्ञान सत्य है अथवा असत्य, सही है अथवा गलत, अच्छा है या बुरा। इस सत्य, सही अथवा अच्छे ज्ञान की परख अथवा जांच कैसे की जा सकती है? इस प्रश्न के उत्तर में इस ज्ञान को कैसे परखा जाए। जिस ज्ञान को हम प्राप्त करते हैं क्या वह वैध (Valid) है। उसके वैध होने के क्या प्रमाण हो सकते हैं? यह समस्या विज्ञान, धर्म तथा दर्शन शास्त्र में आज भी बनी हुई है और इस समस्या के समाधान हेतु विद्वान लगे हुए हैं। ज्ञान की सत्यता के सन्दर्भ में दार्शनिकों के मुख्यतः चार सिद्धान्त निम्न दिए गए हैं–

(1) स्वयं सिद्धि सिद्धान्त (Self Evidence Theory)
(2) अनुकूलतावादी सिद्धान्त (Correspondence Theory)
(3) व्यवहारवादी सिद्धान्त (Pragmatic Theory)
(4) सामंजस्यवादी सिद्धान्त (Coherence Theory)

(1) स्वयं सिद्धि सिद्धान्त (Self Evidence Theory)–इस सिद्धान्त के अनुसार ज्ञान स्वयं सिद्ध है, क्योंकि यह सीधा, सरल और स्पष्ट होता है। जो ज्ञान जितना सरल, सीधा, स्पष्ट है वह उतना ही अधिक सत्य है। इन गुणों के होने से सत्यता शीघ्र दिखलाई देने लगती है। उदाहरण के लिए गणित विशेषकर रेखागणित (Geometry) की स्वयं सिद्ध मान्यताओं को किसी प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती। इस सिद्धान्त के मुख्य प्रवर्तक देकार्ते (Descarates) और लॉक (Locke) हैं। देकार्ते ने बौद्धिक अनुभवों की स्पष्टता और लॉक ने इन्द्रिय जन्य अनुभव के सरल प्रत्ययों (Simple Ideas) की स्पष्टता पर विशेष बल दिया और उन्हें सत्य ठहराया।

(2) अनुकूलतावादी सिद्धान्त (Correspondence Theory)–इस सिद्धान्त के अनुसार सत्य, ज्ञान अथवा निर्णय वह है जो वास्तविक वस्तु के अनुकूल है, सत्य तथ्यों पर आधारित है। तथ्यों का सत्य या असत्य कहना गलत है, क्योंकि तथ्य तो जैसे हैं वैसे ही रहेंगे। लॉक ने इस सिद्धान्त का समर्थन किया कि यदि ज्ञान वास्तविक वस्तुओं से मेल खाता है तो वह सत्य है। यदि विचार वस्तु स्थिति के अनुकूल है तो वे सत्य है और यदि वे प्रतिकूल हैं तो सत्य नहीं हैं। दूसरे शब्दों में तथ्यों की अनुकूलता ही सत्य की परीक्षा है। उदाहरण के लिए, एक अधिकारी अपने कर्मचारी को यह कहता है कि कुछ गुप्त दस्तावेज इस संस्था के बैंक के लॉकर में पड़े हैं। इस कथन की परीक्षा करने के लिए हमें तथ्यों का निरीक्षण करना पड़ेगा और इस जांच में यदि यह सिद्ध हुआ कि संस्था के गुप्त दस्तावेज बैंक के लॉकर में हैं तो उसका कथन सत्य है, नहीं तो असत्य है क्योंकि यह तथ्य के प्रतिकूल है। सत्य की इस परीक्षा हेतु तथ्यों को स्वस्थित, स्वतन्त्र तथा वास्तविक मानना पड़ेगा और यह भी देखना होगा कि उनका अनुभव या परीक्षण माध्यम से सत्यापन किया जा सकता है या नहीं। यथार्थवादी अनुकूलता के सिद्धान्त के आधार पर सत्य की परख करते हैं।

Scanned with CamScanner

(3) व्यवहारवादी सिद्धान्त (Pragmatic Theory)–व्यवहारवादियों के अनुसार सत्य ज्ञान वह है जो व्यवहार में उपयोगी हो। अतः सत्य ज्ञान की परीक्षा उसकी उपयोगिता में है। जब मनुष्य के व्यवहार द्वारा अर्थात् निरीक्षण-परीक्षण द्वारा किसी निर्णय या ज्ञान को परख लिया जाता है, तब ही वह सत्य निर्णय या ज्ञान कहा जाता है। बिना परीक्षण के किसी निर्णय (ज्ञान) को सत्य निर्णय नहीं कहा जा सकता। (A judgement is made true by being verified apart from verification, it connot be said to be true or erroneous. —James)

प्रसिद्ध अमरीकी दार्शनिक जेम्स और डीवी इस निरीक्षण-परीक्षण पर विशेष जोर देते हैं। डीवी का कथन है "सत्य का अर्थ केवल एक ही अर्थात् परीक्षित, इसके अतिरिक्त सत्य का कोई अन्य अर्थ नहीं है।" ("The true means the verified and means nothing else.")

उदाहरण–किसी मकान के कोने में वास्तव में रस्सी है या साँप है, जमीनी दरार है या तेल की धार, इस बात का निर्णय उस कोने में जाकर वस्तुतः से उस वस्तु को टटोलने से ही हो सकेगा। इसी प्रकार दिन के समय, किसी दृश्य की क्षितिज पर जो मृगतृष्णा का जल दिखाई दे रहा है वह वास्तव में चमकती हुई रेत है। इस बात का ज्ञान व्यावहारिक अनुभव (Practical Experience) से ही होगा। इस प्रकार के अनुभवों के आधार पर ही अमरीकी व्यावहारवादी दार्शनिकों ने इस बात पर बल दिया कि सत्य अथवा ज्ञान की जांच कथित सत्य के मानव जीवन पर प्रभाव अथवा उपयोगिता देखने पर ही की जा सकती है। इसको व्यवहारवादी सिद्धान्त भी कहते हैं। ये व्यवहारवादी इस बात में विश्वास नहीं करते कि सत्य नित्य है और स्थिर है। उनका कहना है कि परम सत्य का कोई अर्थ नहीं है। उनके लिए सत्य परिवर्तनशील है और सत्य का सम्बन्ध मानव जीवन से है। जीवन में कोई भी अन्तिम सत्य नहीं होता। सत्य, समय, स्थान, काल और व्यक्ति के साथ बदलता रहता है। जैसे जो बात आज सत्य है, वो कल सत्य न हो, जो बात भूत में सत्य थी वो आज न हो, जो तुम्हारा आज साथी है वह कल आपका साथी न रहे। अर्थात् सत्य परिवर्तनशील है और विकास के साथ-साथ आगे बढ़ता है। सत्य जीवन व्यवहार से उत्पन्न होता है और मनुष्य के जीवन में सहायक होता है। (Truth originates from practical life of man and is helpful for him in his life.) इस सिद्धान्त के प्रवर्तक विलियम जेम्स, जॉन डीवी और शिलर हैं। इस सिद्धान्त की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि सत्य को इसमें सापेक्ष माना जाता है। मानव जीवन, समाज, राष्ट्र और विश्व की परिस्थितियां बदलती रहती हैं और कथनों, विचारों की सत्यता भी सापेक्ष है। जो विचार अथवा कथन जो कल सत्य थे, वे आज सत्य नहीं हैं, और जो विचार और कथन वर्तमान में सत्य माने जा रहे हैं हो सकता है कि भविष्य में सत्य न माने जाएं। जब तक कोई वचन या कथन काम करता है, तब उसे सत्य माना जाएगा। इस प्रकार जेम्स ने भी कहा है कि, "सत्य वह है जो काम करे।" (Truth is that which Works.)

(4) सामंजस्यवादी सिद्धान्त (Coherence Theory)–आदर्शवादियों ने इस सिद्धान्त को प्रतिपादित किया। इस सिद्धान्त के अनुसार विचार या ज्ञान के सत्य होने की कसौटी विचार जगत में सामंजस्यमय होना है। हेगेल (Hegal) तथा उसके अनुयायी ब्रैडले (Bradley) बोसांके (Bosanquet), जायसी (Joyce) आदि इस मत के समर्थक हैं। इस सिद्धान्त के अनुसार सम्बन्धित घटनाओं और वस्तुओं के सन्दर्भ में देखने से हमें ज्ञान का सही स्वरूप मालूम हो सकता है। प्रोफेसर ब्रैडले का कथन है, "सत्य अन्तर्सम्बन्धित सामंजस्य इकाई है।" ("Truth is an inter related coherent whole.") ज्ञान का क्षेत्र जितना व्यापक (Comprehensive) होगा उतना ही हमें यह अवसर मिलेगा कि हम अनुभव से प्राप्त ज्ञान का विश्व के ज्ञेय ज्ञान भण्डार से सामंजस्य करें। यदि हमारा ज्ञान विश्व के ज्ञान के विपरीत पाया जाता है, तो हो सकता है कि गलती हमारी हो। हां, कभी-कभी प्रतिभाशाली अनुसंधानकर्ता यह भी सिद्ध कर दिखाते हैं कि उनकी खोज द्वारा प्राप्त सिद्धान्त सही है। ऐसी दशा में संसार के ज्ञान-भण्डार का संशोधन एवं विकास किया जाता है। आंशिक निर्णय का ज्ञान मनुष्य के शेष अनुभव से सामंजस्य हो जाना चाहिए। मानव-बुद्धि दो विरोधी तथ्यों या सत्यों को एक साथ ही स्वीकार नहीं कर सकती है। ध्यान रहे सामंजस्य दो प्रकार का होता है–

(i) तथ्यात्मक सामंजस्य (Factural Coherence)–इसमें किसी तथ्य की परीक्षा अन्य ज्ञात तथ्यों से सामंजस्य के आधार पर की जा सकती है।

(ii) तार्किक सामंजस्य (Logical Coherence)–इसमें उपस्थित विचार या निर्णय के अर्थ की तार्किक परीक्षा की जाती है। अर्थात् यह देखा जाता है कि वह कहां तक तर्कपूर्ण है। ज्ञान की सत्यता को परखने का मापदण्ड इस सिद्धान्त के अनुसार इस प्रकार है। जब यह है कि क्या एक निर्णय दूसरे निर्णय के अनुकूल है जिनको हम सत्य मानते हैं। दूसरे शब्दों में क्या कथनों में संगति है, यदि उनमें परस्पर संगति (Consisteney) है तो वे सत्य हैं और यदि कथनों में संगति की कमी है तो उनमें विरोधाभास (Contradiction) है, तो वे असत्य हैं। (Ideas are true if they are consistent and wrong if they are contradictory.) इसका अर्थ यह है कि प्रत्येक समय पर मनुष्य का मानसिक संसार एक सत्यता की प्रणाली है जिसमें वे सारे विश्वास अथवा विचार विद्यमान रहते हैं, जिनको वे सत्य मान चुके हैं या उनकी पहले सत्यता सिद्ध हो चुकी है और यदि एक नया निर्णय प्रस्तुत होता है जिसकी सत्यता को परखने की जरूरत है तो उनका परीक्षण मापदण्ड यह है कि यदि वह उस सत्य की प्रणाली के अनुसार है तो वह सत्य है। उदाहरण–निम्न तीन कथनों के सम्बन्ध और उनमें से प्रत्येक के सत्य होने के स्वरूप पर निष्कर्ष इस प्रकार निकाला जा सकता है–

(i) गणित में ज्यामिति में त्रिभुज का उदाहरण।

(ii) यह रेखा-कृति तीन भुजाओं से बंधी है।

(iii) इस आकृति में तीन कोण हैं।

(iv) इस आकृति के तीन कोण दो समकोण के बराबर हैं।

इन कथनों में से कोई एक कथन अन्य दो कथनों के साथ हुए बिना सत्य नहीं हो सकता है। इसमें एक की सत्यता दूसरे दो कथनों की सत्यता से बंधी है। ये कथन आपस में सामंजस्य (Coherence) रखते हैं। यहां प्रत्येक कथन की सत्यता का अर्थ दूसरे दो कथनों का सामंजस्य (Coherence) के अलावा और कुछ नहीं है। इसी उदाहरण के आधार पर हम ज्यामिति में प्रमेय (Theorem) के सन्दर्भ में कह सकते हैं कि Theorem (प्रमेय) के सत्य होने का अर्थ उसका ज्यामिति की स्वयं सिद्ध कथनों से सामंजस्य है। इस सिद्धान्त को स्पष्ट करने के लिए एक अन्य उदाहरण और दिया जा सकता है।

आपके जन्म दिन की तारीख क्या है?

उदाहरण–19 जुलाई, 1991 और उस दिन शुक्रवार था। इस कथन के सत्य होने का क्या अर्थ लगा सकते हैं। इस कथन के सत्य होने का अर्थ इसके अतिरिक्त और कुछ नहीं है कि 18 जुलाई, 1991 को गुरुवार था, 17 जुलाई, 1991 को बुधवार था, 16 जुलाई, 1991 को मंगलवार था। इस प्रकार एक कथन की सत्यता तीन कथनों से बंधी है। ये कथन आपस में सामंजस्य (Coherence) रखते हैं।

◆◆◆

तर्क बुद्धि तथा विश्लेषण
(Reasoning and Analysis)

3. तर्क बुद्धि तथा विश्लेषण के बारे में आप क्या जानते हैं? तर्क बुद्धि तथा विश्लेषण में क्या भेद है? (What do you know about reasoning and analysis? What is distinction between reasoning and analysis?)

उत्तर–तर्क बुद्धि (Reasoning)–तर्क ज्ञान का स्रोत है। तर्क में बुद्धि का सहारा लेकर अनुमान लगाया जाता है तथा इस क्रिया से ज्ञान प्राप्त होता है। बुद्धि का अर्थ कल्पना, सोचना, विचारना तथा तर्क करना है। तर्क मानसिक तथा बौद्धिक प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया के माध्यम से मनुष्य अपना कोई मत बनाता है या किसी निष्कर्ष पर पहुंचता है।

Scanned with CamScanner

तर्क बुद्धि विधि (Reasoning Method)—कई बार विद्यार्थी को ज्ञान प्राप्त करने के लि
अपनी बुद्धि का प्रयोग करना पड़ता है। वह तर्क-वितर्क करते हुए विवेक के साथ ज्ञान अर्जित करता है,
तर्क के आधार पर ज्ञान प्राप्त करने की दो विधियां हैं। ये दोनों विधियां ज्ञान अर्जित करने में बहुत उपयोगी
तथा सहायक होती हैं—

(a) आगमन विधि (Inductive Method or Egrule Method)
(b) निगमन विधि (Deductive Method or Ruleg Method)

(a) आगमन विधि (Inductive Method)—इस विधि के अन्तर्गत हम विशेष से सामान्य की
ओर तथा स्थूल से सूक्ष्म की ओर चलते हैं। इस विधि को इगरूल (Egrule) विधि भी कह
जाता है क्योंकि पहले उदाहरण दिए जाते हैं व बाद में नियम बनाए जाते हैं। इस विधि के
सहायता से नियमों व सिद्धान्तों का निर्माण किया जाता है। हम उदाहरण से प्रारम्भ करते
तथा उन उदाहरणों के आधार पर, बालक एक नियम का निर्माण करता है। यह विधि भूगोल,
गणित, विज्ञान, भाषा व्याकरण का ज्ञान प्राप्त करने के लिए बहुत सार्थक तथा उपयोगी है।

(b) निगमन विधि (Deductive Method)—यह आगमन विधि से बिल्कुल विपरीत है। इ
विधि में सामान्य से विशेष (From General to Particular) या नियम से उदाहरण की
ओर चलते हैं। इसलिए इसको रूलेग (Ruleg) विधि भी कहा जाता है क्योंकि इसमें नियम
का तो पहले से ही पता होता है तथा उस नियम की सत्यता को परखा जाता है। जैसे गणित
का एक नियम है कि एक त्रिभुज के तीनों कोणों का योग दो समकोण होता है। इसकी पुष्टि
किसी भी त्रिभुज के तीनों कोणों को मापकर दी जा सकती है कि यह कथन सत्य है, उचित
है तथा हम इसे स्वीकार कर लेते हैं। यह विधि अधिकतर विज्ञान, गणित तथा ज्यामिति आदि
विषयों का ज्ञान प्राप्त करने के लिए बहुत उपयोगी है।

आगमन और निगमन विधियां एक-दूसरे की पूरक हैं। आगमन विधि द्वारा हम उदाहरणों तथा अनुभव
के आधार पर सूत्र का निर्माण करते हैं। जिस प्रकार आगमन खोज करने की विधि है, उसी प्रकार निगमन
विधि दूसरों की खोज को उपयोग में लाने की विधि है। कोई भी आगमन हमेशा निगमन पर समाप्त होता
है। वास्तव में गणित संबंधी प्रत्येक नवीन ज्ञान आगमन विधि के द्वारा विद्यार्थियों को देना चाहिए तथा
उसका अभ्यास निगमन विधि द्वारा करवाना चाहिए। गणित शिक्षक के लिए दोनों विधियों का ज्ञान होना
अति आवश्यक है। जो शिक्षक दोनों विधियों का उचित मिलान करके अपना शिक्षण कार्य करता है वो
एक सफल अध्यापक माना जाता है।

आगमन-निगमन विधि (Inductive-Deductive Method) यह विधि है जिसमें दोनों विधि
के दोषों को दूर करके, शिक्षण कार्य के लिए प्रयोग में लाया जाता है। इस प्रकार आगमन-निगमन वि
यह विधि है जिसमें सूत्रों एवं नियमों का प्रतिपादन आगमन विधि द्वारा किया जाता है और आगे का
अभ्यास निगमन विधि द्वारा दिया जाता है।

विश्लेषण *(Analysis)*

'विश्लेषण' शब्द का अर्थ है, "एकत्रित वस्तुओं को अलग-अलग करना।" इस विधि में हम "अज्ञात से ज्ञात" (Unknown to known) की ओर, "निष्कर्ष से कल्पना" (Conclusion to Hypothesis) की ओर पहुँचाने का प्रयास करते हैं। इस विधि में जो कुछ निकालना एवं ज्ञात करना होता है उससे आरम्भ करते हैं। इस विधि से समस्या में छुपी गुत्थियों को सुलझाने के लिए उसकी चीर-फाड़ की जाती है। सिद्ध करना है वह इस विधि में पहला पग (First Step) होता है फिर अन्य पगों के बारे में सोचा जाता है जो कि अज्ञात को किसी ज्ञात से जोड़ दे तथा इच्छित निर्णय प्राप्त हो जाए। उदाहरण के रूप में जैसे—यदि तथ्य 'क' सत्य दिया हुआ है तो इस विधि द्वारा हम इस प्रकार चलते हैं—

तथ्य 'ग' सत्य है अगर तथ्य 'ख' सत्य होगा।
तथ्य 'ख' सत्य है अगर तथ्य 'क' सत्य होगा।

अगर तथ्य 'क' सत्य है क्योंकि यह ज्ञात है इसलिए तथ्य 'ग' सत्य है।

चिंतन, अध्यापन एवं सीखने में विश्लेषण का विशेष महत्व है। इसके सम्बन्ध में थार्नडाइक (Thorndike) ने कहा है कि—"विश्लेषण मन का सर्वोत्तम बौद्धिक प्रदर्शन है।" इस विधि का प्रयोग जटिल समस्याओं को हल करने के लिए किया जाता है।

विश्लेषण विधि की कार्यविधि (Procedure) :

(i) **अज्ञात भाग की खोज**—दिए गए प्रश्न में अज्ञात भाग को सर्वप्रथम खोजते हैं।
(ii) **सिद्ध करना**—अज्ञात भाग के आधार पर सिद्ध करने वाले भाग का सत्यापन।
(iii) **संभावना**—इस सत्यापन से आगे क्या संभावना हो सकती है।
(iv) **ज्ञात भाग तक पहुँचना**—इस प्रकार हम ज्ञात भाग तक पहुँच जाते हैं।

इस प्रकार से क्या ज्ञात करना है, इस समस्या को तोड़ते हुए जो कुछ दिया होता है उस तक पहुँच जाते हैं। इसके लिए उदाहरणों का प्रयोग करते हैं।

यथार्थ ज्ञान प्राप्त करने में विश्लेषण का महत्वपूर्ण योगदान होता है। विश्लेषण विधि की प्रकृति वैज्ञानिक है, तार्किक विश्लेषण, आलोचनाओं, स्पष्टीकरण एवं परीक्षण करके तथा उसमें जो तार्किक दोष हैं उन्हें छानने लाकर ऐसे ज्ञान की ओर ले जाता है जो वैज्ञानिक दृष्टि से यथार्थ का संकेत देता है।

अतः विश्लेषण का अर्थ है किसी भी वस्तु या समस्या को छोटे-छोटे टुकड़ों के रूप में प्रस्तुत करना अथवा उस वस्तु या समस्या का विच्छेदन करना। इस विधि द्वारा तर्क करने का सही रूप में विकास होता है क्योंकि प्रत्येक पद के तर्क का कारण भी प्रस्तुत करना होता है। इस विधि में "अज्ञात से ज्ञात की ओर" तथा "निष्कर्ष से अनुमान की ओर" बढ़ते हैं।

◆◆◆

Scanned with CamScanner

Unit – II
Western school of Philosophy → Idealism, Real[illegible] Naturalism, Pragmatism, Marxism and Exis[illegible] with special reference to the concepts of reality → knowledge and values their educational impl[illegible] for aim, contents and methods of Education.

10

प्रकृतिवाद

[NATURALISM]

प्रकृतिवाद यह मानता है कि "वास्तविक संसार भौतिक संसार है" (Materia[illegible] world is the real world.) इसी कारण हम प्रकृतिवाद को भौतिकवादी दर्शन भी कह[illegible] है। प्रकृतिवाद इस सृष्टि की रचना के लिए प्रकृति को ही उत्तरदायी मानता है। इसके [illegible] अनुसार सभी दार्शनिक समस्याओं का प्रत्युत्तर प्रकृति में निहित होता है (Nature alone contains the final answer to all philosophical problems.)।

दार्शनिक प्रकृति की व्याख्या सामान्यतया इस रूप में करते हैं कि प्रकृति साम[illegible] व स्वाभाविक रूप से विकसित होने वाली एक प्रक्रिया है। इस ब्रह्माण्ड की वह सभी वस्तुएँ जिनकी रचना या निर्माण में मनुष्य का शून्य योगदान है, वही प्रकृति है। इसके साथ ही कुछ दार्शनिक विचारधारा मानती हैं कि प्रकृति वह है, जो सर्वत्र तथा सर्वद[illegible] विद्यमान है और इसकी गतिविधियाँ निश्चित व प्राकृतिक नियमों द्वारा संचालित [illegible] नियन्त्रित होती हैं, साथ ही इनका यह भी विचार है कि प्रकृति में अनेक पदार्थ हो[illegible] है जिनके परस्पर संयोग से विभिन्न प्रकार की रचनायें जन्म लेती हैं। यह पदार्थ गतिशील व क्रियाशील होते हैं। इसी कारण प्रकृतिवाद, भौतिकवाद भी कहा जाता है। दर्शनशास्त्र में प्रकृति को ही सर्वोपरि सत्ता के रूप में स्वीकार किया जाता है परन्तु प्राकृतिक दार्शनिक विचारधारा बहुत ही व्यापक रूप में प्रकृति को स्वीकार करती है। एक ओर जो [illegible] प्रकृति को भौतिक जगत् के रूप में देखती है जिसका हम प्रत्यक्ष दर्शन और [illegible] हैं तो दूसरी ओर प्रकृति की व्याख्या जीव-जगत के रूप में भी की जाती है। [illegible] ही तीसरे अर्थ में देश-काल की सभी बातें भी प्रकृति में निहित होती हैं। प्रकृतिवाद की परिभाषा स्पष्ट करते हुए विभिन्न विद्वानों ने निम्न विचार अभिव्यक्त किये हैं–

1. **थामस एण्ड लैंग**–"प्रकृतिवाद आदर्शवाद के विपरीत मन को पदार्थ के अधीन मानता है और यह विश्वास करता है कि अन्तिम वास्तविकता भौतिक है आध्यात्मिक नहीं।"

(Naturalism is opposed to Idealism, subordinates mind to matter and holds that ultimate reality is material, not spiritual. –**Thomas and Lang**)

2. **जेम्स वार्ड**–"प्रकृतिवाद वह सिद्धान्त है जो प्रकृति को ईश्वर से पृथक करता है, आत्मा को पदार्थ के अधीन मानता है और अपरिवर्तनशील नियमों को सर्वोच्च स्थान देता है। इनके अनुसार प्रकृति ही वास्तविकता है जो अपने नियमों द्वारा संचालित होती है व उसी के द्वारा निर्धारित होती है।"

(Naturalism is the doctrine that separates nature from God, Subordinates spirit to matter and sets up unchangable laws as supreme, according to a[illegible]

thesis nature is real, propelled by her own laws and consequently determined by them. –**James Ward**)

3. ब्राइस के अनुसार–"प्रकृतिवाद एक प्रणाली है और जो कुछ आध्यात्मिक है, उसका बहिष्कार ही उसकी प्रमुख विशेषता है।"

(Naturalism is a system whose salient feature is the exclusion of whatever is spiritual. –**Bryce**)

4. आर. बी. पैरी–"प्रकृतिवाद विज्ञान का दार्शनिक विचार है जिसमें दार्शनिक समस्याओं के निराकरण हेतु विज्ञान के सिद्धान्तों का प्रयोग किया जाता है। यह आदर्शवाद के विपरीत है जो मन को पदार्थ के अधीन मानकर यह विश्वास करता है कि वास्तविक सत्ता, आध्यात्मिक न होकर पदार्थ में निहित होती है।"

("Naturalism is the philosophical generalization of science–the application of the theories of science to the problems of philosophy." Naturalism is but science in the role of philosophy, it is as opposed to idealism subordinates mind to matter and holds that ultimate reality is material not spiritual. –**R.B.Perry**)

प्रकृतिवाद की प्रमुख विशेषताएँ
(Chief Characteristics of Naturalism)

1. **प्रकृति ही वास्तविकता है** (Nature is Ultimate Reality)–प्रकृतिवाद प्रकृति को अन्तिम सत्ता मानता है और मानव प्रकृति पर अधिक बल देता है। यह इस बात पर विश्वास करता है कि वास्तविकता व प्रकृति (Reality and Nature) में कोई अन्तर नहीं है अर्थात् जो वास्तविक है, वह प्रकृति है या जो प्रकृति है, वह वास्तविक है। **हाकिंग** (Hocking) के शब्दों में, "प्रकृतिवाद इस बात को अस्वीकार करता है कि प्रकृति से परे, प्रकृति के पीछे या प्रकृति के अलावा कोई चीज अपना अस्तित्व रखती है, चाहे वह सांसारिक परिधि में हो या आध्यात्मिक परिधि में।" (Naturalism denies existence of anything beyond nature, behind nature other than nature. Such as the supernatural of other worldly.)

2. **मन व शरीर में कोई अन्तर नहीं है** (No Distinction between Mind and Body)–प्रकृतिवादी विचारधारा मन व शरीर में कोई अन्तर नहीं करती। वह यह मानती है कि मानव पदार्थ है, चाहे उसका मन हो या शरीर, दोनों ही इस पदार्थ का परिणाम हैं।

3. **वैज्ञानिक ज्ञान पर बल** (Emphasis on Scientific Knowledge)–प्रकृतिवाद यह भी मानता है कि वैज्ञानिक ज्ञान ही उचित ज्ञान होता है और हमारा प्रयास यह होना चाहिए कि हम इस वैज्ञानिक ज्ञान को जीवन से जोड़ सकें।

4. **वैज्ञानिक विधि द्वारा ज्ञान-प्राप्ति पर बल** (Emphasis on Acquiring Knowledge through Scientific Method)–प्रकृतिवाद के अन्तर्गत आगमन (Inductive)

Scanned with CamScanner

विधि द्वारा ज्ञानार्जन की चर्चा की गई है, साथ ही वह इस बात की भी चर्चा करती है कि ज्ञान-प्राप्ति का सर्वोचित तरीका निरीक्षण विधि है।

5. **ज्ञान-प्राप्ति हेतु इन्द्रियों की आवश्यकता** (Need of Senses for Acquiring Knowledge)—प्रकृतिवाद यह भी मानता है कि मानव इस जगत पर जो भी ज्ञान प्राप्त करता है, उसका माध्यम इन्द्रियाँ होती हैं, बिना इन्द्रिय सहयोग के मानव ज्ञानार्जन नहीं कर सकता।

6. **प्रकृति ही वास्तविक सत्ता** (Nature as a Big Power)—प्रकृतिवादी विचार यह भी मानता है कि इस संसार में सर्वोच्च शक्ति प्रकृति के हाथों में ही निहित रहती है और प्रकृति के नियम अपरिवर्तनशील हैं।

7. **मानव प्रकृति का ही अंग है** (Man as a Segement of Nature)—प्रकृतिवादी समाज के अस्तित्व के प्रति कोई आस्था नहीं रखते। इस कारण मनुष्य को समाज का अंग नहीं मानते। उनका विचार है कि मनुष्य प्रकृति का ही अभिन्न अंग होता है।

8. **मूल्य प्रकृति में ही निहित हैं** (Values Lie in Nature)—मूल्य का निर्धारण आदर्शवादी के अनुसार समाज द्वारा होता है जबकि प्रकृतिवादी यह मानते हैं कि मूल्य प्रकृति में ही विद्यमान रहते हैं और यदि मानव मूल्यों की प्राप्ति चाहता है तो उसे प्रकृति से घनिष्ठ सम्बन्ध स्थापित करना होगा।

9. **आत्मा और परमात्मा का कोई महत्त्व नहीं** (No Importance of Soul and God)—प्रकृतिवाद किसी आध्यात्मिक शक्ति में या आत्मा में विश्वास नहीं रखते। वह मानते हैं कि मानव की रचना प्रकृति के द्वारा हुई है और मनुष्य के शरीर का अन्त होते ही उसका चेतन तत्व भी समाप्त हो जाता है।

10. **भौतिक सुख की प्राप्ति** (To Achieve Material Prosperity)—प्रकृतिवाद मानव जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य भौतिक सम्पन्नता की प्राप्ति मानता है। इस कारण मानव परिस्थितियों को अपने अनुकूल ढालता है। वह मानव को इस संसार का श्रेष्ठतम पदार्थ मानता है जो बुद्धि, तर्क व चिन्तन के कारण अन्य पशुओं से सर्वोपरि है।

11. **वैयक्तिक स्वतन्त्रता पर बल** (Emphasis on Individual Freedom)—प्रकृतिवाद यह भी मानता है कि व्यक्ति दुःखी इस कारण है चूँकि वह प्रकृति से दूर होता जा रहा है। व्यक्ति को इतनी स्वतन्त्रता मिलनी चाहिए कि वह प्रकृति से समीपता स्थापित कर सके।

प्रकृतिवाद के रूप (Forms of Naturalism)

1. **पदार्थ विज्ञान का प्रकृतिवाद** (Naturalism of Physical Science)—यह प्रकृतिवाद बाह्य प्रकृति के नियमों का अध्ययन करता है, साथ ही इस बात पर बल देता है कि इस जगत में जो भी भौतिक रूप में विद्यमान है, वही सत्य है। यह मनुष्य को पदार्थ जगत के नियमों के अनुसार समझने की चेष्टा करता है और मानव की भावना, चेतना, अन्तः-प्रकृति, आत्मा आदि अमूर्त विचारों पर विश्वास नहीं करता। इस बात में भी विश्वास करता है कि वास्तविकता पदार्थ में ही निहित होती है। (Reality is visualized as physical substance.) मानव को प्रकृतिवाद में गौण स्थान दिया गया

है और साथ ही मानव की अन्तः-प्रकृति से इसका कोई सम्बन्ध नहीं है अतएव शिक्षा जो एक मानवीय क्रिया है, इससे प्रभावित नहीं होती है।

2. **यन्त्रवादी प्रकृतिवाद** (Mechanical Naturalism)—यह विचारधारा मनुष्य को एक यन्त्र के रूप में स्वीकार करती है और यह भी मानती है कि यह संसार एक प्राणिहीन यन्त्र है जो पदार्थ व गति से निर्मित होता है। इस वर्ग के प्रकृतिवादी जीवों की उत्पत्ति पदार्थ व गति से मानते हैं। इसके अनुसार मानव में चेतन तत्त्व की उपेक्षा रहती है और वह पशु समझ होती है। इस विचारधारा ने मनोविज्ञान के क्षेत्र में व्यवहारवाद (Behaviourism) को जन्म दिया। इसमें यह विश्वास किया जाता है कि मन तथा उसकी सभी क्रियायें व्यवहार के प्रकार मात्र हैं जिन्हें स्नायु संस्थान, ग्रन्थि संस्थान तथा माँसपेशी संस्थान की सहायता से समझा जा सकता है। यह नियति में विश्वास रखकर यह मानते हैं कि जगत में जो भी परिवर्तन होते हैं, वे सभी कारण-कार्य नियम से आबद्ध हैं।

3. **जीव-विज्ञान का प्रकृतिवाद** (Biological Naturalism)—यह विचारधारा विकास-सिद्धान्त पर आधारित है और इसी के आधार पर यह मानव की उत्पत्ति की व्याख्या करते हैं। यह विचारधारा मानव का विकास पशुओं से मानती है और मनुष्य के उस स्वभाव पर बल देती है जो उसे उसके पूर्वगामी वंशजों से प्राप्त हुआ है। मनुष्य व पशु में यह बहुत समानता मानती है और दोनों की मूल प्रवृत्तियों में भी बहुत समानता है। मानव के अस्तित्व के सम्बन्ध में यह दो विचार प्रस्तुत करती है। पहला जीवन के लिए संघर्ष का सिद्धान्त (Struggle for existence), दूसरा समर्थ का अस्तित्व का सिद्धान्त (Survival for the fittest) मानव को यह प्रकृति के हाथ का खिलौना मानते हैं। उसमें किसी प्रकार की इच्छा शक्ति जैसी कोई चीज नहीं होती। उसकी स्वतन्त्रता भी उसी प्रकार सीमित है जिस प्रकार अन्य प्राणियों की।

Scanned with CamScanner

प्रकृतिवाद तथा शिक्षा (Naturalism and Education)

प्रकृतिवादी विचारकों ने शिक्षा के क्षेत्र में क्रान्तिकारी परिवर्तन किये। उनका मत था कि शिक्षा अध्यापक के हाथों से संचालित की जाने वाली प्रक्रिया नहीं है वरन् उसका संगठन व्यक्ति या बालक के अनुकूल किया जाना चाहिए। साथ ही यह विचारधारा नैतिक जगत की सार्थकता में विश्वास रखती है और आध्यात्मिक जगत की अवहेलना करती है। शिक्षा का कार्य किसी भी तथ्य का कृत्रिम ज्ञान देना नहीं है। वास्तविक ज्ञानार्जन प्रकृति पर निर्भर करता है। इस कारण प्रकृति का अनुकरण ही ज्ञान-प्राप्ति का सर्वोत्तम तरीका है। एडम्स (Adams) ने कहा है, "प्रकृतिवाद शैक्षिक सिद्धान्तों को क्रियान्वित करना या किताबी ज्ञान को प्रदान करने वाली कोई व्यवस्था नहीं है वरन् यह बालक के अनुकूल शिक्षा को ढालने की एक प्रक्रिया है जो बालक को कृत्रिम जीवन से प्राकृतिक जीवन की ओर ले जाती है। (It is back nature.) इसी कारण प्रकृतिवाद के अन्तर्गत प्राकृतिक नियमों को शिक्षा में अपनाने का प्रयास किया जाता है। इनका यह भी विश्वास है कि आधुनिक समाज के जटिल नियमों के फलस्वरूप ही मानव इस संसार में दुख भोगता है और यदि मानव को इनसे दूर रखा जाये तो उसके बहुत अधिक कष्टों का हम निवारण कर सकते हैं। शिक्षा के स्वरूप के सम्बन्ध में प्रकृतिवाद ने जो मुख्य विचार प्रस्तुत किये हैं, वह अग्र प्रकार हैं—

1. प्रकृति के अनुसार शिक्षा (Follow Nature is imparting Education)।
2. बालक शिक्षा का केन्द्र बिन्दु (Central Position of the Child in Education)।
3. प्रकृति की ओर लौटो (Back to the Nature)।
4. बालक की खुशहाली पर बल (Happiness Necessary for the Child)।
5. बालक की स्वतन्त्रता पर बल (Freedom Necessary for the Child)।
6. मूल-प्रवृत्तियाँ शिक्षा का आधार हैं (Instincts, the Basis of Education)।
7. इन्द्रियाँ, ज्ञान-प्राप्ति का मार्ग (Senses, the Gateways of Knowledge)।
8. पुस्तकीय ज्ञान का विरोध (Against Bookish Knowledge)।
9. बालक के विकास की विभिन्न अवस्थाओं की चर्चा (To Present the Different Stages of Child Development)।
10. शिक्षा में मनोविज्ञान की लोकप्रियता (Due Place to Psychology in Education)।

प्रकृतिवाद व शिक्षा के उद्देश्य
(Naturalism and Aims of Education)

प्रसिद्ध शिक्षाशास्त्री **स्पेन्सर** (Spencer) ने मानव जीवन को समग्रता देने हेतु 5 प्रमुख क्रियायें बताई हैं—

(1) आत्म रक्षा,
(2) जीवन की मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति,
(3) सन्तानोपालन,
(4) सामाजिक व राजनैतिक सम्बन्धों का निर्वाह,
(5) अवकाश का सदुपयोग।

प्रसिद्ध शिक्षाशास्त्री **रूसो** (Rousseau) ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य मानव को प्रकृति के अनुकूल जीवन व्यतीत करने हेतु योग्य बनाना है। शिक्षा के द्वारा हम मानव में कुछ नया उत्पन्न नहीं करते वरन् मानव की मौलिकता को बनाये रखने का प्रयास करते हैं और मानव संसर्ग के फलस्वरूप उसमें जो कृत्रिमता आ जाती है, उसका विनाश करने का प्रयास करते हैं। रूसो ने कहा कि "रोजमर्रा के व्यवहार को (समाज-सम्मत व्यवहार को) बदल डालो और सदा सर्वदा तुम्हारा कृत्य सही होगा।" रूसो ने हर स्थान पर सामाजिक संस्थाओं की अवहेलना की है। वह कहता है कि "मानवीय संस्थायें मूर्खता तथा विरोधाभास के समूह हैं।" परन्तु वह प्रकृति को ईश्वरीय सृष्टि मानता है और मनुष्य को ईश्वरीय कृति।

मैग्डूगल (McDougall) के धार्मिक सिद्धान्त के अनुसार, "शिक्षा का उद्देश्य मूलप्रवृत्तियों को रूपान्तरित करके समाजोपयोगी कार्यों में लगाना है अर्थात् शिक्षा के द्वारा मूलप्रवृत्तियों का दमन नहीं किया जाना चाहिए वरन् उनका विकास करके उन्हें उचित मार्ग पर लाना चाहिए।"

जैविकीय प्रकृतिवाद के अनुसार, शिक्षा के तीन प्रमुख उद्देश्य माने जाते हैं—

1. व्यक्ति को इस योग्य बनाना जिससे कि वह इस जगत में अपने आपको जिन्दा रख सके, जीवन के संघर्षों का मुकाबला कर सके तथा सफलता प्राप्त करने हेतु प्रयास कर सके।
2. शिक्षा का उद्देश्य है व्यक्ति को उसके वातावरण के साथ सामंजस्य स्थापित करने की योग्यता प्रदान करना।
3. **बर्नार्ड शॉ** के अनुसार, "शिक्षा का उद्देश्य एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक जातीय संस्कृति का संरक्षण, हस्तान्तरण व वृद्धि होना चाहिए। यह उद्देश्य आदर्शवादी उद्देश्य के निकट है।"

संक्षेप में, प्रकृतिवाद के अनुसार हम शिक्षा के निम्न उद्देश्य बता सकते हैं—

1. शिक्षा द्वारा बालक को प्राकृत जीवन व्यतीत करने हेतु तैयार करना।
2. बालक की प्राकृतिक शक्तियों का विकास करना।
3. बालक को इस प्रकार का ज्ञान व दक्षता प्रदान करना जिससे कि वह अपने पर्यावरण के साथ समायोजित हो सके।
4. मानव में उचित तथा उपयोगी सहज क्रियाओं को उत्पन्न करना अर्थात् मनुष्य में शिक्षा द्वारा ऐसी आदतों एवं शक्तियों का विकास करना जो मशीन के पुर्जे की भाँति अवसरानुकूल प्रयुक्त की जा सकें।
5. बालक को जीवन संघर्षों के योग्य बनाना।
6. जातीय निष्पत्तियों का संरक्षण करना व विकास करना।
7. बालक का आत्मसंरक्षण व आत्मसन्तोष की प्राप्ति।
8. मूलप्रवृत्तियों का शोधन एवं मार्गान्तरीकरण।
9. बालक के व्यक्तित्व का स्वतन्त्र विकास।

प्रकृतिवाद व पाठ्यक्रम
(Naturalism and Curriculum)

प्रकृतिवाद के शिक्षा के उद्देश्य के सम्बन्ध में **स्पेन्सर** ने पाँच उद्देश्यों की चर्चा

Scanned with CamScanner

की है। यह प्रकृतिवाद के पाठ्यक्रम को भी इन उद्देश्यों की पूर्ति का एक साधन मानते हुए कहते हैं—

उद्देश्य	पाठ्यक्रम
1. आत्मरक्षा	शरीर विज्ञान
2. जीवन की मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति	रोजगार हेतु गणित, भौतिकी, रसायनशास्त्र व जैविकीय विज्ञान का अध्ययन
3. सन्ततिपालन	शरीर विज्ञान व मनोविज्ञान
4. सामाजिक व राजनैतिक सम्बन्धों का निर्वाह	सामाजिक अध्ययन के सभी विषय
5. अवकाश का सदुपयोग	साहित्य, संगीत, ललित कला, मनोविज्ञान, भौतिकी, विज्ञान।

वास्तव में यदि देखा जाये तो प्रकृतिवादी पाठ्यक्रम का संगठन अपने ही ढंग से करते हैं और मानते हैं कि बालक की प्रकृति, नैसर्गिक रुचि, योग्यता, अनुभव व स्वाभाविक क्रियाओं के आधार पर ही पाठ्यक्रम का संगठन होना चाहिए और पाठ्यक्रम में वह विषय रखे जाने चाहिए जो बालक के विकास की विभिन्न अवस्थाओं के अनुरूप हों। पाठ्यक्रम निर्माण के सिद्धान्तों के सम्बन्ध में प्रकृतिवादी विचारधारा इस प्रकार है—

1. पाठ्यक्रम निर्माण का आधार बालक हो।
2. पाठ्यक्रम में विज्ञान विषयों को महत्त्वपूर्ण स्थान दिया जाये।
3. पाठ्यक्रम व्यावहारिक व जीवनोपयोगी हो।
4. पाठ्यक्रम अनुभव-केन्द्रित हो।

पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में **रूसो** ने अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए कहा है—

अवस्था	पाठ्यक्रम
1. शैशवावस्था—	प्रकृति की गोद ही बालक का वास्तविक पाठ्यक्रम हो।
2. बाल्यावस्था—	कोई औपचारिक पाठ्यक्रम संगठित किया जाये 1. ज्ञानेन्द्रियों के विकास पर बल। 2. पुस्तकीय ज्ञान का विरोध। 3. पाठ्यक्रम में तैरना, खेलना, दौड़ना कूदना आदि सम्मिलित किया जाये।
3. किशोरावस्था—	1. पाठ्यक्रम द्वारा जिज्ञासा प्रवृत्ति को सन्तुष्ट किया जाये। 2. पाठ्यक्रम में प्राकृतिक विज्ञानों का अध्ययन निहित किया जाये। 3. पाठ्यक्रम में भाषा, गणित, साहित्य, संगीत व हस्तकलाओं को रखा जाये। 4. सामाजिक विषयों के अध्ययन द्वारा बालक में सामाजिक भावना का विकास किया जाये। 5. नैतिक शिक्षा द्वारा बालक को संवेग पर नियन्त्रण रखना सिखाना।

प्रकृतिवाद के पाठ्यक्रम की आलोचना का मुख्य कारण यह है कि इन्होंने विज्ञान केन्द्रित पाठ्यक्रम पर अधिक बल दिया है एवं सामाजिक व सांस्कृतिक पाठ्यक्रम की उपेक्षा की है।

प्रकृतिवाद व शिक्षण विधियाँ
(Naturalism and Methods of Teaching)

प्रकृतिवाद शिक्षण विधियों के परम्परागत प्रारूप की आलोचना करता है और इस विचार को मान्यता देता है कि शिक्षण विधियों में भी नित्य नवीन परिवर्तन होने चाहिए। **रूसो** (Rousseau) ने कहा है कि अपने शिक्षार्थी को कोई भी शाब्दिक पाठ न पढ़ाओ वरन् उसे अनुभव द्वारा सीखने के अवसर दो। (Give your scholar no verbal lesson, he should be taught by experience alone.) प्रकृतिवाद का केन्द्र-बिन्दु छात्र है। इस कारण वह यह मानते हैं कि जिन विधियों के द्वारा छात्रों को पढ़ाया जाये, वह निम्न तीन सिद्धान्तों पर आधारित हों—

1. विकास या उन्नति का सिद्धान्त (Principle of Growth),
2. छात्र क्रिया का सिद्धान्त (Principle of Pupil Activity),
3. वैयक्तिकता का सिद्धान्त (Principle of Individualization)।

स्पेन्सर (Spencer) महोदय ने प्रकृतिवादी शिक्षण विधियों के अन्तर्गत 6 सिद्धान्तों की चर्चा की है जो इस प्रकार हैं—

1. **प्रकृति के अनुरूप शिक्षा** (Education according to Nature)—शिक्षा बालक के लिए संचालित की जाने वाली एक प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य बालक का स्वाभाविक रूप से विकास करना है अतः शिक्षा के द्वारा बालक की नैसर्गिक वृद्धि होनी चाहिए और शिक्षण प्रक्रिया व बालक के अनुभवों के बीच सामंजस्य स्थापित किया जाना चाहिए।

2. **शिक्षा आनन्द प्रदायनी** (Education is for Enjoyment)—हम शिक्षण की जो भी विधि अपनायें, उसका उद्देश्य बालक में शिक्षण के प्रति रुचि जाग्रत करना होना चाहिए चूँकि जब तक बालक किसी चीज में रुचि नहीं लेगा, तब तक वह शारीरिक व मानसिक रूप से किसी भी बात को सीखने हेतु तत्पर नहीं होगा। इसी कारण प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक **थार्नडाइक** (Thorndike) ने कहा था कि शिक्षण विधि में अभिप्रेरणा सिद्धान्त (Law of Motivation), प्रभाव का नियम (Law of Effect) तथा तत्परता का नियम (Law of Rediness) को समाहित किया जाना चाहिए।

3. **स्वचालित आत्म-क्रिया** (Spontaneous Self-Activity)—**स्पेन्सर** का विचार था कि बालक किन्हीं अन्य के प्रयासों द्वारा नहीं सीखता अपितु वह स्वयं अपनी आत्म-क्रिया सीखता है और स्वयं के प्रयासों द्वारा अर्जित ज्ञान ही वास्तविक व चिरस्थाई होता है।

4. **शिक्षा में शारीरिक व मानसिक विकास का सन्तुलन** (Balance in Physical and Mental Development in Education)—शिक्षण विधियाँ इस विचार को ध्यान में रखते हुए अपनाई जानी चाहिए कि शिक्षा को बालक के व्यक्तित्व के दो प्रमुख पक्षों (मानसिक व शारीरिक) का समान रूप से विकास करना है। किसी की भी उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए।

Scanned with CamScanner

5. **नकारात्मक शिक्षा (Negative Education)**—नकारात्मक शिक्षा से अभिप्राय है कि शिक्षा हमें सत्यता व पुण्य का पाठ नहीं पढ़ाये वरन् हमें असत्यता व पाप से दूर रहना सिखाये अर्थात् नकारात्मक शिक्षा गुण आरोपित नहीं करती वरन् अवगुणों से बचाती है। यह वह मार्ग प्रशस्त करती है जो व्यक्ति को अवगुणों से परे रखता है।

6. **शिक्षण विधि आगमनात्मक हो (Teaching Method should be Inductive)**—इस सन्दर्भ में प्रकृतिवाद ने जिस विधि को जन्म दिया, उसे ह्यूरिस्टिक विधि (Heuristic Method) के नाम से जाना जाता है। बालक को प्रत्यक्ष रूप से सीखने के अवसर मिलने चाहिए जिसमें छात्र को एक अन्वेषक या आविष्कारक की भूमिका अदा करनी होती है। इसी को हम आगमन विधि कहते हैं।

इसके अलावा प्रकृतिवाद ने जिन विधियों के प्रयोग पर महत्त्व दिया है वह इस प्रकार है—

1. **करके सीखना (Learning by Doing)**—प्रकृतिवाद यह मानता है कि शिक्षा को सैद्धान्तिक न होकर व्यावहारिक होना चाहिए और बालक जो ज्ञान व्यावहारिक रूप में अर्जित करेगा, वह स्थाई होता है।

2. **स्वानुभव द्वारा सीखना (Learning by Experience)**—चॉक एण्ड टॉक (Chalk and Taught) विधि की अवहेलना प्रकृतिवादियों ने की। उनके अनुसार शिक्षण प्रक्रिया में बालक की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए और इस विचार के आधार पर विभिन्न शिक्षण विधियों का आविष्कार हुआ, यथा—डाल्टन विधि, प्रोजेक्ट विधि, मॉन्टेसरी विधि, प्रत्यक्ष प्रणाली, निरीक्षण प्रणाली व प्रयोगशाला विधि।

3. **खेल द्वारा सीखना (Learning through Play)**—खेल द्वारा सीखना प्रकृतिवाद की एक उचित विधि है। फ्रॉबेल, रॉस आदि शिक्षाशास्त्रियों ने भी इसे महत्वपूर्ण विधि माना है। उनका विचार है कि खेल द्वारा बालक विभिन्न क्षमताओं को प्राप्त करता है और साथ ही खेल की ओर बालक का स्वाभाविक रुझान भी होता है। खेल बालक को जीवन की वास्तविक परिस्थितियों से अवगत कराते हुए उसमें आनन्द वृद्धि व सृजनात्मकता की अभिवृद्धि करते हैं। प्रकृतिवाद बालक की स्वतन्त्रता को महत्व देता है। अतः वह खेल विधि को भी व्यक्तिगत रूप से अपनाने की बात करता है।

प्रकृतिवाद व अनुशासन
(Naturalism and Discipline)

प्रकृतिवाद अनुशासन के सम्बन्ध में निम्न विचार प्रस्तुत करता है—

1. अनुशासन का मुक्त्यात्मक स्वरूप (Free Discipline) होना चाहिए और बालक के ऊपर अनावश्यक दबाव अनुशासन हेतु नहीं डाले जाने चाहिए।

2. अनुशासन हेतु बालक को यह अनुभूति करवानी चाहिए कि अपने व्यवहार का नियन्ता व नियामक बालक स्वयं है, न कि समाज या विद्यालय। अतः अनुशासन आन्तरिक व स्व-प्रेरण पर आधारित होना चाहिए।

3. प्रसिद्ध प्रकृतिवादी दार्शनिक स्पेन्सर (Spencer) ने शिक्षा में अनुशासन की समस्या का समाधान आनन्द व दुःख के सिद्धान्त (Hedonistic Theory) के आधार पर किया। उनके अनुसार अनुशासन स्थापना का सबसे उपयुक्त साधन प्राकृतिक दण्ड व्यवस्था (Punishment by Natural Consequences) है।

4. स्पेन्सर से मिलता हुआ विचार रूसो (Rousseau) ने भी प्रस्तुत किया। उनके अनुसार प्राकृतिक साधनों द्वारा अनुशासन लाने का प्रयास होना चाहिए और उन्होंने स्वाभाविक परिणामों द्वारा अनुशासन (Discipline by Natural Consequences) का प्रतिपादन किया।

प्रकृतिवाद व शिक्षक
(Naturalism and Teacher)

1. प्रकृतिवाद अपनी व्यवस्था के अन्तर्गत शिक्षक को कोई स्थान नहीं देता। रूसो तो यह मानता है कि अध्यापक का स्थान "पर्दे के पीछे" (Behind the Curtain) होता है। वह तो मंच की व्यवस्था करने वाला है अर्थात् अध्यापक बालक के उचित विकास हेतु वातावरण की रचना करता है और उस वातावरण में विकसित होने हेतु बालक को स्वतन्त्र छोड़ देता है और आवश्यकतानुसार बालक का सहयोग करता है।

2. कुछ विचारक अध्यापक को एक निरीक्षणकर्त्ता (Observer) मानते हैं जिसका कार्य बालक के स्वाभाविक विकास का निरीक्षण करना है और उसके विकास हेतु उचित सुविधायें उपलब्ध कराना है।

3. प्रकृतिवाद यह भी मानता है कि अध्यापक का उत्तरदायित्व सिर्फ बालक की प्रकृति को समझना है (Know your Pupil)। इस सम्बन्ध में टैगोर ने कहा कि अध्यापक का यह उत्तरदायित्व है कि वह बालक को स्वयं में आत्मसात् करे (A teacher ought to have and realize child in himself.)

प्रकृतिवाद व विद्यालय
(Naturalism and School)

प्रकृतिवाद विद्यालय के औपचारिक स्वरूप एवं समय-विभाग चक्र का विरोधी है। उसके अनुसार प्रकृति ही विद्यालय है। यदि हम विद्यालय के स्वरूप को निश्चित कर दें तो बालक को स्वतन्त्र विकास के अवसर नहीं मिल पायेंगे और वह हमेशा अध्यापकों के दबाव में रहेगा। इस कारण शिक्षण हेतु बालक को प्रकृति की गोद में छोड़ देना चाहिए। यही बालक का वास्तविक विद्यालय है।

प्रकृतिवाद का मूल्यांकन
(An Estimate of Naturalism)

प्रकृतिवादी विचारधारा का मूल मन्त्र बाल-केन्द्रित शिक्षा है। सबसे पहले प्रकृतिवाद ने इस वाक्य में परिवर्तन किया—

"शिक्षक लेटिन पढाता है"
"शिक्षक जॉन को लेटिन पढ़ाता है"
"शिक्षक, जॉन को लेटिन पढ़ाता है"

यह वाक्य परिवर्तन इस ओर संकेत दे रहा है कि शिक्षण प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण इकाई न तो अध्यापक है, न पाठ्य-वस्तु वरन् विद्यार्थी सर्वोपरि है। प्रकृतिवादी विचारधारा के सम्बन्ध में न तो हम यह कह सकते हैं कि यह गुणों से भरपूर है और न ही यह कि यह अवगुणों से युक्त है। इसके प्रमुख गुण व अवगुण इस प्रकार है—

Scanned with CamScanner

अरस्तु के अनुसार → शिक्षा का मूल्य उद्देश्य Idealism का व्यक्ति को नैतिक एवं बौद्धिक सद्गुणों का आधार बनाना है, व्यक्ति को ऐसे श्रेष्ठतम मूल्यों से अलंकृत करना है जो मानवीयता के लिए आवश्यक

महात्मा ही आदर्शवाद का प्रतिरूप है

11

आदर्शवाद

[IDEALISM]

आदर्शवाद दार्शनिक विचारधारा प्राचीनतम विचारधारा है। मानव संस्कृति का जब से विकास हुआ, उसकी इस बात में आस्था रही कि इस प्रकृति में वास्तविक तत्त्व आध्यात्मिक है और जब हम प्रकृति की सत्ता को तिरस्कृत करते हुए मनस् या आत्मा की सत्ता को स्वीकार करने लगते हैं, उसे ही हम आदर्शवादी दर्शन की संज्ञा देने लगते हैं। आदर्शवादी विचारधारा जड़-प्रकृति को मनस् की अभिव्यक्ति मात्र मानता है। आदर्शवाद जिसे हम अंग्रेजी में 'आइडियल इज्म' (Idealism) कहते हैं, दो शब्दों से मिलकर बना है–

Idea+ism

कुछ विचारक यह मानते हैं कि इसमें निम्न दो शब्द हैं–

Ideal+ism

इसमें (L) सुविधा के लिए जोड़ दिया गया है। वास्तव में यदि देखा जाये तो इसे Idea या विचार से ही उत्पन्न माना जाना चाहिए चूँकि इसके प्रवर्तक दार्शनिक विचार की चिरन्तन सत्ता में विश्वास रखते हैं। इसी कारण इसे विचारवाद या प्रव्ययवाद की संज्ञा भी दी जाती है। परन्तु प्रचलन में हम आदर्शवाद का प्रयोग ही करते हैं। यह दर्शन वस्तु की अपेक्षा विचारों, भावों तथा आदर्शों को महत्त्व देते हुए यह स्वीकार करता है कि जीवन का लक्ष्य आध्यात्मिक मूल्यों की प्राप्ति तथा आत्मा का विकास है। इसी कारण यह आध्यात्मिक जगत को उत्कृष्ट मानता है और उसे ही सत्य व यथार्थ रूप में स्वीकार करता है।

आदर्शवाद की परिभाषायें

(Definitions of Idealism)

1. ब्रूबेकर (Brubacher) –आदर्शवादियों के अनुसार, "इस जगत को समझने के लिए मन केन्द्रीय बिन्दु है। इस जगत को समझने हेतु मन की क्रियाशीलता से बढ़कर उनके लिए अन्य कोई वास्तविकता नहीं है।"

(The idealists point out that it is mind that is central in understanding the world. To them nothing gives a greater sense of reality than the activity of mind lugaged in trying to comprehenced its world.)

2. रॉस (Ross)–"आदर्शवाद के अनेक रूप हैं किन्तु सबका सार यह है कि मन या आत्मा ही इस जगत का पदार्थ है और मानसिक स्वरूप सत्य है।"

(Idealistic philosophy takes many and varied forms, but the postulate underlying all is that mind or spirit is essential world stuff that the true reality is of a mental character.)

Scanned with CamScanner

3. हेण्डरसन (Henderson)—"आदर्शवाद मनुष्य के आध्यात्मिक पक्ष पर बल देता है क्योंकि आदर्शवादियों के लिए आध्यात्मिक मूल्य जीवन के तथा मनुष्य के सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण पहलू हैं। एक तत्त्वज्ञानी आदर्शवादी का विश्वास है कि मनुष्य का सीमित मन असीमित मन से पैदा होता है। व्यक्ति और जगत दोनों बुद्धि की अभिव्यक्ति है और भौतिक जगत की व्याख्या मन से ही की जा सकती है।"

(Idealism emphasises the spiritual side of man because to the idealist spiritual values are the most important aspects of man and of life. A meta-physical idealist would believe that man's finite mind springs from the infinite mind that both the individual and the world are expressions of intelligence that the material world is to be expressed or explained by the mental.)

आदर्शवाद की आधारभूत मान्यतायें
(Basic Assumptions of Idealism)

1. भौतिक जगत की अपेक्षा आध्यात्मिक जगत का महत्त्वपूर्ण स्थान (Importance to Spiritual World in Comparision to Physical World)—आदर्शवाद के अनुसार भौतिक वस्तुएँ व भौतिक जगत नाशवान होने के कारण अस्थाई है और आध्यात्मिक जगत सत्य, स्थाई व वास्तविक है। इसका मूलभूत कारण यह है कि आध्यात्मिक जगत वैचारिक रूप में विद्यमान रहता है और विचार चिरस्थाई होते हैं और मानव का प्रमुख कार्य इस आध्यात्मिक जगत को समझते हुए उससे सम्बन्ध स्थापित करना है।

2. ब्रह्माण्ड मानव मस्तिष्क में निहित (Existence of Universe in Mind)—आदर्शवाद यह मानता है कि इस जगत की आधारभूत बातें मानव आत्मा व मस्तिष्क में निहित होती हैं। इस कारण यह भौतिक पदार्थों को महत्त्व नहीं देता। वह मानते हैं कि मस्तिष्क में विचार पहले आता है और वस्तु की कल्पना बाद में जन्म लेती है। विचार शाश्वत और अपरिवर्तनशील होते हैं, उदाहरणार्थ–'कार' आज है, कल नष्ट हो सकती है परन्तु 'कार' का विचार नष्ट नहीं हो सकता है।

3. इस जगत में मनुष्य सर्वश्रेष्ठ है (Man Centre of Universe)—आदर्शवादी जड व प्रकृति की तुलना में मनुष्य को महत्त्वपूर्ण स्थान देते हैं और इनके दर्शन का मुख्य आधार मानववाद है। वह मानते हैं कि मनुष्य में बुद्धि, तर्क व आध्यात्मिक गुण होते हैं और यह गुण उसे पाशविक प्रवृत्तियों से ऊँचा उठाते हुए उसमें अहं आत्मानुभूति की क्षमता उत्पन्न करते हैं। आत्मानुभूति के माध्यम से व्यक्ति शनैः-शनैः ईश्वर का साक्षात्कार करने लगता है और वह नैतिक व आध्यात्मिक गुणों से युक्त हो जाता है।

4. मनुष्य व प्रकृति में संश्लेषण (Synthesis between Man and Nature)—आदर्शवादी मानव जीवन की व्याख्या हेतु शास्त्र (Teleological Basis) के आधार पर करते हैं। इसका अभिप्राय है कि मानव जीवन तथा प्राकृतिक प्रक्रिया के कुछ समान उद्देश्य होते हैं जिससे वह एक साथ चलती है। इसी कारण मानव व प्रकृति में सदैव समन्वय रहता है और दोनों ही किसी लक्ष्य की प्राप्ति हेतु एक साथ कार्य करते हैं।

5. ब्रह्माण्ड की रचना आध्यात्मिक शक्ति द्वारा (Spiritualistic Explanation of Universe)—आदर्शवाद यह नहीं मानता कि यह ब्रह्माण्ड यन्त्रवत् रूप में अपने कार्य करता है और न ही यह मानता है कि इस जगत की व्याख्या यान्त्रिक तत्त्वों के आधार पर की जा सकती है चूँकि यह ब्रह्माण्ड ईश्वरीय शक्ति द्वारा निर्मित है। यह शक्ति इन्द्रियगोचर नहीं है, न ही इसका आदि और अन्त है।

6. ब्रह्माण्ड में आध्यात्मिक मूल्यों का महत्त्व (Stress on Spiritual Values in the Universe)—आदर्शवाद सत्यम्, शिवम्, सुन्दरम् (Truth, Beauty and Goodness) में विश्वास रखता है और यह स्वीकार करता है कि मानव जीवन का उद्देश्य इन मूल्यों को जानना होना चाहिए। इनका ज्ञान होने पर व्यक्ति ईश्वर से तादात्म्य स्थापित करने लगता है और वह यह भी मानते हैं कि इन मूल्यों को प्राप्त करने के बाद मनुष्य को अपने व्यावहारिक जीवन में भी इनका प्रयोग करना चाहिए।

7. आत्मा व परमात्मा के अस्तित्व को मानना (To Believe in the Existence of Soul and God)—आदर्शवादी यह मानकर चलते हैं कि आत्मा व परमात्मा इतने सूक्ष्म हैं कि इनको देखा नहीं जा सकता परन्तु इनका अनुभव अवश्य किया जा सकता है। परन्तु ईश्वर के अस्तित्व को समझने हेतु इन्द्रियों की आवश्यकता नहीं होती वरन् उसकी अनुभूति मन व बुद्धि द्वारा होती है।

8. विभिन्नता में एकता (Unity in Diversity)—संसार में विभिन्न वस्तुओं को यदि हम देखें तो वह ईश्वरीय शक्ति के माध्यम से एकता के सूत्र में बँधी हुई हैं और ईश्वरीय शक्ति ही इन वस्तुओं का संचालन करती है। आदर्शवाद यह मानता है कि मानव जीवन तभी सफल व पूर्ण होता है जब वह जगत में विद्यमान एकता के मध्य ईश्वर का आभास कर सके।

9. प्रत्यात्मक ज्ञान में आस्था (Belief in Conceptual Knowledge)—आदर्शवाद वैचारिक व प्रत्यात्मक ज्ञान में आस्था रखता है और यह मानता है कि इस जगत को हम तर्क के आधार पर ही समझ सकते हैं।

10. व्यक्तित्व के विकास पर बल (Emphasis upon Personality Development)—आदर्शवाद व्यक्ति को एक आदर्श मानव या पूर्ण मानव के रूप में विकसित करने की बात करता है। व्यक्ति में उन गुणों को प्रतिरोपित किया जाना चाहिए जो उसे एक अच्छा व्यक्ति बनने में सहयोग दे सकें।

आदर्शवाद के प्रारूप (Forms of Idealism)

दार्शनिकों ने आदर्शवाद के विभिन्न प्रकार बताये हैं जिनमें से प्रमुख अधोलिखित हैं—

1. आत्मनिष्ठ आदर्शवाद (Subjective Idealism)	हीगल का आदर्शवाद (Hegel's Idealism)	3. वस्तुनिष्ठ आदर्शवाद (Objective Idealism)
↓		
बर्कले का आदर्शवाद (Berkeley's Idealism)	आदर्शवाद के प्रारूप (Forms of Idealism)	प्लेटो का आदर्शवाद (Plato's Idealism)
		↑
2. प्रपंचवाद आदर्शवाद (Phenomenial Idealism)	→ काण्ट का आदर्शवाद (Kant's Idealism)	4. नैतिक आदर्शवाद (Moral Idealism)

Scanned with CamScanner

1. **व्यक्तिनिष्ठ या आत्मनिष्ठ आदर्शवाद** (Subjective Idealism)—इसके प्रवर्तक ब्रिटिश दार्शनिक **बर्कले** (Berkeley) को माना जाता है। इसके अनुसार ज्ञान के पदार्थ मन पर निर्भर होते हैं। इस कारण उनका कोई पृथक् अस्तित्व नहीं है और यह विचारधारा यह भी मानती है कि यह विश्व भी मन तथा उसमें निहित विचारों पर निर्भर है। किसी भी वस्तु का अस्तित्व उस वस्तु के प्रत्यक्षीकरण पर निर्भर करता है और मन जब तक किसी वस्तु का प्रत्यक्षीकरण नहीं कर लेता, हम उसके अस्तित्व से अनभिज्ञ रहते हैं। **बर्कले** का विचार है कि जो वस्तु भौतिक है, वह आध्यात्मिक वस्तु को कैसे प्रभावित कर सकती है और विचार के समान, विचार के अलावा और क्या चीज हो सकती है ? यदि मेरा मनस् मेरे परिवेश के जगत से विचार ग्रहण करता है तो वह जगत विचारों का जगत होना चाहिए। वह भौतिक जगत नहीं हो सकता। इसके आत्मनिष्ठ आदर्शवाद की मुख्य विशेषतायें निम्न हैं—

1. प्रत्येक अस्तित्व ज्ञान के क्षेत्र में निहित है (Every Existent Subject of Knowledge)।
2. प्रत्यक्षीकरण द्वारा ही कोई गुण अस्तित्व बनाये रखते हैं (Qualities come into Existence only on Perception)।
3. पदार्थ व ज्ञान एक दूसरे पर निर्भर हैं (Objects and Knowledge Conform to Each other)।
4. प्रतीतायें व्यक्तियों पर निर्भर करती हैं (Images depend upon Persons)।
5. पदार्थ का ज्ञान प्रत्यक्ष होता है (Knowledge of the Object Direct)।
6. ईश्वरवाद पर बल (Stress on Theism)।
7. भौतिकवाद का बहिष्कार (Rejection of Materialism)।
8. पदार्थ एक समान नहीं होते (Objects not Common)।

2. **प्रपंचवाद आदर्शवाद** (Phenomenial Idealism)—इसके जन्मदाता काण्ट माने जाते हैं। काण्ट पदार्थ को सत्य नहीं मानता और यह मानता है कि ज्ञान के पदार्थ मन पर निर्भर करते हैं। इस कारण उनका पृथक् से कोई अस्तित्व नहीं होता। ज्ञान-प्राप्ति की प्रक्रिया में केवल संवेदन की स्थिति में प्रवाह बाह्य-जगत से मनस् के प्रति नहीं होता है परन्तु उसके पश्चात् प्रत्यक्ष ज्ञान, प्रत्यय ज्ञान तथा अवधारणा आदि सभी स्थितियों में ज्ञान प्रक्रिया मनस् के पदार्थ की ओर प्रवाहित होती है। काण्ट के अनुसार ज्ञान प्रक्रिया के दो प्रमुख तत्त्व हैं—प्रथम वह ज्ञान जो अनुभव से पूर्व विद्यमान रहता है (Priori Knowledge) और द्वितीय वह ज्ञान जो अनुभव पर आधारित होता है (Posteriori Knowledge)। साथ ही वह यह भी मानते हैं कि ज्ञान की प्रक्रिया में तीन संकायों का महत्त्वपूर्ण स्थान होता है जो इस प्रकार हैं—

1. संवेदन (Faculty of Sensation)
2. समझ (Faculty of Understanding)।
3. तर्क (Faculty of Reason)

वह यह भी मानता है कि व्यक्तिनिष्ठ व वस्तुनिष्ठ ज्ञान में समन्वय आवश्यक है और यह समन्वय ईश्वर द्वारा ही सम्भव है। काण्ट के प्रपंचयात्मक आदर्शवाद की मुख्य विशेषताएँ अधोलिखित हैं—

1. प्रपंच ज्ञान पर निर्भर करते हैं (Phenomena depend upon Knowledge)।
2. प्रपंचयात्मक वस्तुओं के गुण भी ज्ञान पर निर्भर करते हैं (Qualities of Phenomenal Objects also depend upon Knowledge)।
3. पदार्थ या वस्तुएँ प्रपंचयात्मक रूप में प्रकट होते हैं (Object Appears in Phenomenal Form)।
4. प्रपंचों का प्रत्यक्ष ज्ञान (Direct Knowledge of Phenomena)।
5. प्रपंचों के ज्ञान में मानसिक प्रक्रियाओं का आधार (Mental Construction Base of Knowledge of Phenomenon)।

3. **वस्तुनिष्ठ आदर्शवाद** (Objective Idealism)—इसकी चर्चा **हीगल** नाम के दार्शनिक ने की। इनके अनुसार पदार्थ मन से अलग नहीं होते हैं। पदार्थ वास्तविक होते हैं, पर वह पूर्ण रूप से मन पर निर्भर नहीं होते। वह यह मानता है कि विचार ही सब कुछ है व सब कुछ ही विचार है (Idea is everything and everything is idea.) वह यह भी मानता है कि सभी विचार वस्तुनिष्ठ होते हैं और वास्तविक सत्य परम तत्त्व व शुद्ध चेतन में निहित है। उसने द्वन्द्ववाद (Dualism) का अन्त करते हुए कहा कि आत्म व वस्तु दोनों ही अन्तिम विचार के अंग हैं और यह परम विचार अमूर्त न होकर मूर्त व वास्तविक होता है।

हीगल यह भी मानता है कि यह सम्पूर्ण विश्व परिवर्तनशील व विकासोन्मुख है (Changing and Evolving) और इस ब्रह्माण्ड की तीन विशेषताएँ हैं—

जीवित प्राणी	प्रकृति	आत्म
(The Living Being)	(Nature)	(Self)

इसी विकास क्रम की चर्चा करते हुए **हीगल** का विचार है कि 'सत्ता' परमतत्त्व के मन में विचार का विकास है। सारे क्रम विकास का इतिहास एक कथन के समान है जो क्रमशः पूर्ण ज्ञान की ओर उन्मुख होता है। विकास के मूल में वह विरोधात्मकता का सिद्धान्त मानते हैं और यह विरोधाभास तब तक चलता रहता है जब तक कि सभी विरोधात्मकताओं का समाहार किसी सत्य में नहीं हो जाता। इसके लिए तीन स्थितियों को स्थापित करते हैं—

(1) स्थापना (Thesis),
(2) प्रतिस्थापना (Antithesis),
(3) संस्थापना (Synthesis)।

यह इस बात पर भी महत्व देता है कि व्यक्ति का विकास नैतिक व सामाजिक स्थिति पर ही निर्भर करता है। उनके अनुसार समूह की नैतिकता जो कि सामाजिक संस्थाओं में परलक्षित होती है, वैयक्तिक नैतिकता का सही मार्गदर्शन कर सकती है।

Scanned with CamScanner

4. नैतिक आदर्शवाद (Moral Idealism)—प्लेटो ने इस विचार का प्रतिपादन किया। उनके अनुसार इस संसार में वस्तुओं की अपेक्षा विचार अधिक महत्त्वपूर्ण, नैतिक, विनाशहीन, पूर्ण एवं शाश्वत है और विचार ही सत्य का रूप है। वस्तुएँ नाशवान व परिवर्तनशील हैं।

प्लेटो ने सत्यम्, शिवम्, सुन्दरम् को जीवन के शाश्वत मूल्यों या आदर्शों के रूप में व्यक्त किया है और यह माना है कि इनकी प्राप्ति ही ईश्वर की प्राप्ति है। सत्य, शिवं व सुन्दरं की प्राप्ति ही मानव जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य होना चाहिए। इनको हम क्रमश: इस प्रकार दे सकते हैं—

(1) सत्य—दर्शनशास्त्र (Philosophy),
(2) शिवं—नीतिशास्त्र (Ethics),
(3) सुन्दरम्—कलाओं (Arts)।

प्लेटो ने आत्मा को अमर, शाश्वत एवं विनाशहीन बताया है और माना है कि जो आत्मा विचारों का ज्ञान प्राप्त कर लेती है, वह मृत्यु के पश्चात् विचारों के जगत में पहुँच जाती है और जो आत्मा पाप करती है, वह पुनर्जन्म द्वारा पुन: इस संसार में जन्म लेती है।

आदर्शवाद एवं शिक्षा
(Idealism and Education)

आदर्शवाद मनुष्य को ईश्वर की सर्वोत्कृष्ट कृति के रूप में स्वीकार करता है और साथ ही यह मानता है कि आध्यात्मिक वातावरण से ज्यादा महत्त्वपूर्ण सांस्कृतिक वातावरण होता है क्योंकि वह मनुष्य की स्वयं की रचना है। आदर्शवाद मानता है कि मानव इस पृथ्वी पर आध्यात्मिक ज्योति लेकर उत्पन्न होता है व शिक्षा मनुष्य को इस योग्य बनाती है कि वह अपने भीतर इस आध्यात्मिकता का दर्शन कर सके और आत्मबोधन कर सके। रस्क के कथनानुसार, "शिक्षा के द्वारा आध्यात्मिकता का क्षेत्र विशाल बन जाता है और उसके द्वारा जाति के विचारों एवं संस्कृति की सुरक्षा की जाती है और उसे नई परिस्थितियों के ढाँचे में ढालकर गतिशील बनाया जाता है।" (Education must enable manking through its culture to enter more and fully into the spiritual realm, they believe that man's nature is spiritual and divine and education should adjust the man accordingly.—**Rusk**)

मानव व पशु में अन्तर भी हम इसी आधार पर करते हैं कि पशु अपने वातावरण को ज्यों का त्यों स्वीकार करता है परन्तु मनुष्य आदि काल से वातावरण को अपने अनुरूप ढालता है। आदर्शवादी यह मानते हैं कि मनुष्य अपने प्राकृतिक वातावरण से अनुकूलन तो शिक्षा के बिना भी कर सकता है परन्तु सांस्कृतिक वातावरण से अनुकूलन हेतु शिक्षा की आवश्यकता होती है और इस प्रकार हम समाजीकरण या संस्कृतिकरण (Socialization or Culturalization) की प्रक्रिया मानते हैं।

शिक्षा का अर्थ (Meaning of Education)

आदर्शवादी विचारकों ने शिक्षा का अभिप्राय बताया है मनुष्य का पूर्ण मानव के रूप में विकास करना या दूसरे शब्दों में हम यह भी कह सकते हैं कि शिक्षा का अभिप्राय

है बालक को गुणों से परिपूर्ण करना, साथ ही शिक्षा वह है जो सिर्फ बालक के विकास तक ही सीमित नहीं रहती वरन् बालक को विकसित करके समाज का विकास करना चाहती है और आवश्यकता पड़ने पर समाज सुधारने का भी प्रयास करती है।

आदर्शवाद व शिक्षा के उद्देश्य
(Idealism and Aims of Education)

1. आत्मानुभूति का विकास (Development of Self-realization)—आदर्शवादी विचारधारा यह मानती है कि प्रकृति से परे यदि कोई चेतन सत्ता के अनुरूप है तो वह है 'मनुष्य'। इस कारण विश्व व्याप्त चेतन सत्ता की अनुभूति मनुष्य तब तक नहीं कर सकता जब तक उसके अन्दर व्याप्त चैतन्यता का विकास न हो। इस कारण शिक्षा का सर्वोच्च कार्य यह है कि वह मनुष्य को इतना सक्षम बनाये कि वह अपने वास्तविक स्वरूप को पहचाने व उसकी अनुभूति कर सके। इस आत्मानुभूति के प्रमुख रूप से चार सोपान होते हैं—

4. आध्यात्मिक 'स्व' (Spiritual Self)
3. बौद्धिक 'स्व' (Intellectual Self)
2. सामाजिक 'स्व' (Social Self)
1. शारीरिक व जैविकीय 'स्व' (Physical Self)

शारीरिक 'स्व' आत्मानुभूति का निम्नतम सोपान है जिसे प्रकृतिवादी आत्माभिव्यक्ति (Self-expression) की संज्ञा देते हैं। सामाजिक 'स्व' को अर्थ क्रियावादी महत्त्व देता है इसमें व्यक्ति सामाजिक हित की परिकल्पना करता है व सामाजिक कल्याण हेतु व्यक्तिगत स्वार्थों का परित्याग कर देता है। बौद्धिक अनुभूति के स्तर पर व्यक्ति विवेक द्वारा 'स्व' की अनुभूति करता है व सामाजिक नैतिकता से ऊपर उठकर सद्-असद् में भेद कर सकता है और उसका आचरण चिन्तन तथा विश्वास विवेकपूर्ण हो जाता है। आध्यात्मिक 'स्व' स्वानुभूति का सर्वोच्च स्तर है जहाँ व्यक्ति गुणों को अपने व्यक्तित्व में अंगीकृत सहज प्रक्रिया द्वारा ही कर लेता है व अपने अन्दर विश्वात्मा का तादात्म्य करने लगता है। इस विश्वात्मा को हम तीन रूपों से अभिव्यक्त करते हैं—सत्य, शिव व सुन्दर। आदर्शवादी जब आत्मानुभूति के लिए शिक्षा देने की बात करते हैं तो उनका एक ही लक्ष्य होता है, "अपने आपको पहचानो" (To Know Thyself।

2. आध्यात्मिक मूल्यों का विकास (Development of Spiritual Values)—आदर्शवादी विचारधारा भौतिक जगत की अपेक्षाकृत आध्यात्मिक जगत को महत्त्वपूर्ण मानती है। अत: शिक्षा के उद्देश्यों में भी बालक के आध्यात्मिक विकास को महत्त्व देते हैं। यह मनुष्य को एक नैतिक प्राणी के रूप में अवलोकित करते हैं व शिक्षा का उद्देश्य चरित्र निर्माण को मानते हैं। वह सत्य शिवं सुन्दरं के मूल्यों का विकास करते हुए इस बात की भी चर्चा करते हैं कि शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य बालक में आध्यात्मिक दृष्टि से विकास करना है।

3. बालक के व्यक्तित्व का उन्नयन (To Exalt Child's Personality)—बोगोस्लोवस्की के अनुसार, "हमारा उद्देश्य छात्रों को इस योग्य बनाना है कि वे सम्पन्न तथा सारयुक्त

Scanned with CamScanner

जीवन बिता सकें, सर्वांगीण तथा रंगीन व्यक्तित्व का निर्माण कर सकें, सुखी ... उल्लास का उपभोग कर सकें यदि तकलीफ आये तो गरिमा एवं शान के साथ ... सामना कर सकें तथा इस उच्च जीवन को जीने में दूसरे लोगों की सहायता कर ...

व्यक्तित्व के उन्नयन की चर्चा करते हुए प्लेटो व रॉस भी यह मानते हैं कि ... के द्वारा मानव व्यक्तित्व को पूर्णता प्राप्त की जानी चाहिए और साथ ही उसके ... का उन्नयन होना चाहिए।

4. अनेकता में एकता के दर्शन (To Establish Unity in Diversity)–आदर्श... इस विचारधारा का समर्थन करते हुए इस बात पर बल देता है कि शिक्षा ... बालक को इस दृष्टि से समर्थ बनाना होना चाहिए कि वह संसार में विद्यमान भिन्न-भि... बातों को एकता के सूत्र में बाँध सके अर्थात् बालक के अन्दर यह समझ उत्पन्न ... चाहिए कि वह इस संसार के संचालन करने वाली एक परम सत्ता है जो ईश्वर ... नाम से जानी जाती है और यह ईश्वर की सत्ता जगत के सभी प्राणियों का ... करती है। इस ईश्वरीय सत्ता की अनुभूति कराना ही शिक्षा का लक्ष्य होना चाहि... इसकी अनुभूति होने पर ही व्यक्ति इस संसार के साथ तादात्म्य स्थापित कर ... है व व्यक्तित्व को पूर्णता प्रदान करता है।

5. सभ्यता एवं संस्कृति का विकास (Development of Culture a... Civilization)–आदर्शवाद यह मानता है कि व्यक्ति जिस समाज का सदस्य है, ... समाज की संस्कृति से उसका परिचय होना परमावश्यक है, साथ ही बालक यदि ... को जीवित रखना चाहता है तो उसे समाज की धरोहर के रूप में जो सभ्यता व संस्कृ... प्राप्त होती है, उसकी भी रक्षा करनी चाहिए। सभ्यता व संस्कृति तो वह आधार ... करती है जिसके द्वारा समाज का विकास सम्भव होता है। आदर्शवाद व्यक्ति की ... समाज को महत्व देता है। इसी कारण वह शिक्षा का उद्देश्य सभ्यता व संस्कृति ... विकास करना मानते हैं। रस्क का विचार है कि "सांस्कृतिक वातावरण ... स्वरचित वातावरण है अथवा यह मनुष्य की सृजनात्मक क्रिया का परिणाम है जिस... रक्षा व विकास करना शिक्षा का उद्देश्य होना चाहिए।" (Cultural environment is ... environment of man's own making, it is a product of man's creative activi... The aim of idealistic education is the preservation as well as enrichment ... culture. –Rusk)

6. वस्तु की अपेक्षा विचारों का महत्त्व (Ideas are Important th... Object)–आदर्शवाद यह मानता है कि इस संसार में पदार्थ नाशवान है व विचार ... विचार सत्य, वास्तविक व अपरिवर्तनशील है। विचार ही मनुष्य को ज्ञान प्रदान ... का माध्यम है। यह संसार मनुष्य के विचारों में ही निहित होता है। वह यह मानते ... कि यह जगत यन्त्रवत् नहीं है। चूँकि इस जगत में विद्यमान वस्तुओं का जन्म मानसिक ... प्रक्रियाओं के फलस्वरूप ही होता है। इनका विचार है कि यह विश्व विचार के ... है, यन्त्रवत् नहीं (Universe is like a thought than a machine.)

7. जड़ प्रकृति की अपेक्षा मनुष्य का महत्त्व (Man is Important th... Nature)–आदर्शवादी मनुष्य का स्थान ईश्वर से थोड़ा ही नीचा मानते हैं। (Man is ...

little lower than angels.) इनका विचार है कि मनुष्य इतना सक्षम होता है कि वह आध्यात्मिक जगत का अनुभव कर सके व ईश्वर से अपना तादात्म्य स्थापित कर सके या उसकी अनुभूति कर सके। इस कारण वह जड़ प्रकृति से बहुत महत्वपूर्ण है। वह यह भी मानते हैं कि मनुष्य बुद्धिपूर्ण व विवेक पूर्ण प्राणी है और बुद्धि ही मनुष्य के विभिन्न प्रकार के क्रिया-कलापों का आधार बनती है जिससे मानव अपने आपको पशुवत् गुणों से ऊँचा उठा लेता है।

8. समाज हित का उद्देश्य (Aim of the Welfare of the Society)–आदर्शवाद जब शिक्षा के उद्देश्यों की चर्चा करता है तो व्यक्तित्व के विकास पर बल देता है और व्यक्तित्व विकास में सामाजिक हित अन्तर्निहित होता है। जब आदर्शवाद आत्मानुभूति की चर्चा करता है, तो आत्मानुभूति में व्यष्टि या स्वार्थपरता निहित न होकर समष्टि या परार्थ भाव निहित होता है। प्रसिद्ध आदर्शवादी दार्शनिक हॉकिंग (Hocking) जब शिक्षा के उद्देश्यों की चर्चा करता है तो वह शिक्षा के दो उद्देश्य बताता है–

1. सम्प्रेषण (Communication),
2. विकास के लिए प्रावधान (Development in Society)।

सम्प्रेषण में वह यह मानता है कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य है कि वह समाज की संस्कृति को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक स्थानान्तरित करे सिर्फ संस्कृति का सम्प्रेषण मात्र करना ही शिक्षा का उद्देश्य नहीं है चूँकि सम्प्रेषण कर देने से संस्कृति अवरुद्ध हो जायेगी। अतः शिक्षा द्वारा प्रत्येक पीढ़ी को इस बात के लिए तैयार किया जाना चाहिए कि वह उस संस्कृति में विकास कर सके। इसके लिए यह आवश्यक है कि शिक्षा उचित सामाजिक वातावरण तैयार करे जो समाज के विकास में सहयोग दे। हॉर्न (Horne) इन दोनों पक्षों (व्यक्तिगत व सामाजिक) के मध्य संश्लेषण करते हुए कहता है, "शिक्षा द्वारा बालक की संस्कृति का ज्ञान व उसमें विकास करना आना चाहिए, साथ ही उसमें सामाजिक कुशलता व नागरिकता का विकास भी होना चाहिए।"

आदर्शवादी विचारधारा ने मुख्यतया शिक्षा के उद्देश्यों की चर्चा की है परन्तु इन्होंने शिक्षा के अन्य पक्षों पर भी थोड़ा प्रकाश डाला है, उनकी उपेक्षा नहीं की है। अब हम इस बात की चर्चा करेंगे कि आदर्शवाद ने पाठ्यक्रम, पाठन विधि, शिक्षक, अनुशासन आदि के सम्बन्ध में क्या विचार दिये हैं।

आदर्शवाद व पाठ्यक्रम
(Idealism and Curriculum)

विभिन्न आदर्शवादी-दार्शनिकों ने पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में विभिन्न विचार दिये हैं जिनकी चर्चा हम आगे करेंगे। आदर्शवादियों ने पाठ्यक्रम निर्माण के सम्बन्ध में जो मूलभूत विचार व्यक्त किये हैं, वह इस प्रकार हैं–

1. पाठ्यक्रम ज्ञान व बुद्धि के विकास पर बल दे (Importance for the Development of Knowledge and Wisdom.)।

2. पाठ्यक्रम मानव के विचारों व आदर्शों पर आधारित है (Curriculum should be based on human ideas & ideals.)।

(2) आवश्यक यन्त्रों एवं प्रक्रियाओं का चयन करना अथवा स्वरूप विकसित करना। (Selecting constructing the needed instruments and procedure)।

(3) परिवर्तन के सन्दर्भ में प्रदत्तों का विश्लेषण एवं अर्थापन करना तथा विकास हेतु परिकल्पना प्रतिपादन करना (Analysing and interpreting the data of develop the hypothesis regarding needed change)

(4) परिकल्पना को कार्यरूप में बदलना (Converting hypothesis into action)।

प्रथम अवस्था के अन्तर्गत उद्देश्यों, शिक्षण विधियों प्रविधियों से सम्बन्धित मूल्यांकन हेतु प्रदत्तों के स्वरूप को निर्धारित किया जाता है।

द्वितीय अवस्था में आवश्यक उपकरणों तथा प्रक्रिया का चयन किया जाता है। इनके मूल्यांकन के लिए मूल्यांकन प्रक्रिया-मौखिक, लिखित तथा प्रयोगात्मक का निर्धारण किया जाता है।

तृतीय अवस्था में उपरोक्त आँकड़ों के आधार पर निदान करके उनमें सुधार हेतु परिकल्पना का प्रतिपादन किया जाता है। परिकल्पना के स्वरूप से यह भी स्पष्ट होता है कि पाठ्यक्रम में किस प्रकार परिवर्तन करने की सम्भावना है। परिकल्पना की पुष्टि के बाद यह निश्चित हो जाता है कि क्या परिवर्तन अपेक्षित है। परिकल्पना की पुष्टि करना आवश्यक होता है। यह प्रतिमान की अन्तिम अवस्था होती है। अनुपयुक्त परिकल्पना की पुष्टि से सुधार हेतु दिशा मिल जाती है।

हिल्दा तबा के इस प्रतिमान में अवस्थाओं अथवा सोपानों का अनुसरण क्रमशः किया जाता है। यह प्रतिमान भी अधिक व्यावहारिक है। प्रमाणों के आधार पर सुधार एवं विकास किया जाता है। सरन के मॉडल का स्वरूप विशिष्ट है, क्रियाएँ सुनिश्चित हैं, इसलिए अधिक प्रचलित हैं।

(III) पाठ्यक्रम मूल्यांकन के प्रतिमान-मुखोपाध्याय
(Mukhaadhaya Model of Curriculum Evaluation)

इस प्रतिमान का विकास भारतीय परिस्थिति में मुखोपाध्याय ने किया। यह प्रतिमान हिल्दा तबा के प्रतिमान से अधिक मिलता-जुलता है। दोनों प्रतिमानों में मूल्यांकन का अर्थ बी०एस० ब्लूम की परिभाषा पर आधारित है जिसके अन्तर्गत व्यवहार-परिवर्तन सम्बन्धी आँकड़ों को एकत्रित करके उनका अर्थापन किया जाता है।

